आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 335 | इंदौर, गुरुवार 02 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## ऋषिकेश से इंदौर आते समय दौसा में हँस ट्रेवल्स की बस ट्रेलर से भिड़ी

# एक्सप्रेस वे पर बस में लगी आग से 8 जिंदा जले, 28 झुलसे

**बस में सवार अधिकांश इंदौर एवं बड़वाह के मृतकों में 7 को पहचानना मुश्किल हुआ**





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/इंदौर

ऋषिकेश से इंदौर आ रही हंस ट्रेवल्स की बस में मंगलवार-बुधवार देर रात राजस्थान के दौसा जिला अंतर्गत कोलवा थाना क्षेत्र में आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई और तेज धमाके की आवाज के साथ दोनों वाहनों में आग लग गई। यात्री कुछ समझ पाते इससे पहले ही पूरी बस आग की लपटों से घिर गई। बस के ड्रायवर-कंडक्टर सहित 8 लोगों की बस में ही जलकर मौत हो गई, इनमें से 7 के शवों को पहचानना मुश्किल हो गया है। बस में सवार 28 यात्री आग से बुरी तरह से झुलसे हैं। इनमें अधिकांश यात्री इंदौर एवं खरगोन के हैं।

झुलसे यात्रियों ने दौसा पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि बस हंस ट्रेवल्स की थी। ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी। बस मंगलवार अपरांह करीब 5 बजे ऋषिकेश से रवाना हुई थी। रात करीब ढाई बजे दौसा जिले के कोलवा थाना क्षेत्र में थी, तभी अचानक आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई और तेज धमाके की आवाज के साथ दोनों वाहनों में आग लग गई। कुछ समझ पाते, तब तक आग फैल चुकी थी। हादसे के वक्त अधिकतर सवारियां नींद में थी, जो धमाके की आवाज सुनकर जाग गई। बस में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जैसे-तैसे कुछ लोग बाहर निकले। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। बस क्र. एआर 11 डी 6565 के केबीन में फंसे ड्रायवर एवं परिचालक कुलदीप की केबिन में ही जलकर मौत हो गई।

**8 मृतकों में से 7 को पहचानना मुश्किल-** बस में सवार 36 यात्रियों की सूची दौसा पुलिस को मिली है। इसमें से 28 यात्रियों को झुलसने की स्थिति में वहां के जिला अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। बस में सवारी 8 यात्रियों जिनमें मात्र धर्मसिंह पिता गुलसिंह 31 वर्ष निवासी भूतेड़ी थाना कालीदेवी झाबुआ की ही पहचान दौसा पुलिस कर सकी है। शेष 7 मृतक आग में बुरी तरह से जल गए हैं। दौसा पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी तथ्यात्मक रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि मृतकों के बुरी तरह से जल जाने से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। जिनके बस में सवार होकर यात्रा करने तथा घटना के पश्चात नहीं मिलने के कारण मृत्यु होने की संभावना प्रतीत हो रही है। इनमें बस के ड्रायवर एवं कंडक्टर भी शामिल हैं।

**एक्सप्रेसवे के दोनों ओर यातायात रोका-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस में करीब एक घंटे तक आग लगी रही। पुलिस, दमकल और स्थानीय ग्रामीणों ने आग के बीच फंसे यात्रियों को बाहर निकालने का प्रयास किया। आग तेजी से फैलने के कारण कई यात्रियों को समय पर बाहर नहीं निकाला जा सका। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर यातायात रोक दिया गया। करीब एक घंटे बाद जले हुए वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### मृतकों की पहचान मुश्किल हुई

दौसा पुलिस अधीक्षक की और से इंदौर पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी गई सूचना के अनुसार हादसे में बस में जल जाने से भूमी पुत्री भारत भौर 20 वर्ष निवासी बजरंग नगर थाना हीरानगर जिला इन्दौर, निर्मला पत्नि चंद्रप्रकाश गुप्ता निवासी अन्नपूर्णा नगर इन्दौर, प्रियंका पत्नी जितेन्द्र पाण्डे 35 वर्ष निवासी दशरथ पटेल कॉलोनी सरकारी कॉलेज बड़वाह जिला खरगोन, दीपक पुत्र नन्नूसिंह तंवर 29 वर्ष मकान नं. 109 कस्तूरबा मार्ग होली टेकडा, बड़वाह, दीपू पुत्र नरबत सिंह 60 वर्ष निवासी रामपुरा कलां सिद्धगंज जिला सिहोर, धर्मसिंह पुत्र गुलसिंह 31 वर्ष निवासी भूतेड़ी थाना कालीदेवी जिला झाबुआ, यात्री स्लीपर बस हंस ट्रैवल्स नं. एआर 11 डी 6565 का चालक एवं परिचालक कुलदीप शामिल हैं। दौसा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मृतकों में धर्मसिंह के अलावा सभी मृतक आग से बुरी तरह जल गये है। जिनकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है। जिनके बस में संवार होकर यात्रा करने तथा घटना के पश्चात नहीं मिलने के कारण मृत्यु होने की संभावना प्रतीत हो रही है।

### ये यात्री झुलसने से हुए घायल

दौसा पुलिस अधीक्षक ने इंदौर पुलिस नियंत्रण कक्ष को घटना के संबंध में दी गई तथ्यात्मक रिपोर्ट में बताया है कि जिला दौसा के थाना कोलवा के क्षेत्राधिकार में दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर यात्री स्लीपर बस हंस ट्रैवल्स न. एआर 11 डी 6565 व ट्रैलर न. आरजे 01 जीई 0164 के बीच भीषण सडक दुर्घटना हुई जिसके कारण यात्री स्लीपर बस में आग लग गयी। इससे बस में सवार यात्रीयों के चोटे आयी, झुलसे तथा 8 यात्रियों की मृत्यु हो गयी। घायल होने वाले यात्रियों में कालू पुत्र बिजिया 39 वर्ष निवासी मौजीवाडा थाना कालीदेवी जिला झाबूआ, स्वांनद पुत्र राजेश गिररे 25 वर्ष निवासी सूदामा नगर इन्दौर, लीजा पुत्री महेश 22 वर्ष निवासी बरफानी धाम थाना मालवीय नगर इन्दौर, प्रिन्स पुत्र सुनिल सरोज 22 वर्ष अरविन्द अस्पताल के सामने थाना बाणगंगा इन्दौर, नेहा पत्नी सन्नी 26 वर्ष वार्ड नं. 5 कस्तूरबा मार्ग थाना बडवाह जिला खरगौन, याशिका पुत्री सन्नी 3 वर्ष वार्ड नं. 5 कस्तूरबा मार्ग थाना बडवाह जिला खरगौन, अनिता पत्नी सीएम सोनी 56 वर्ष निवासी आगर थाना आगर जिला खरगोन, योगिनी पुत्री शैलेन्द्र पाटेदार 21 वर्ष निवासी कुकशी थाना कुकशी जिला खरगौन, घीसू लाल पुत्र बलंवत सिंह 65 वर्ष भीलखेड़ी थाना सिद्छीकगंज जिला सिहोर, माहिर मोहिते पुत्री मनीष 18 वर्ष थाना एमआईजी इन्दौर, प्रदीप पुत्री नरेन्द्र 26 वर्ष निवासी थाना एमआईजी इन्दौर, मिहिर पुत्र कमल पाचांल निवासी लाला की बगीची थाना तुकोगंज इन्दौर, अंजली उर्फ मुस्कान पुत्री रघुनंदन निवासी लाला की बगीची थाना तुकोगंज इन्दौर, कनक पुत्री भगवानदास निवासी लाला की बगीची थाना तुकोगंज इन्दौर, इशा सिंह पुत्री हरदीप सिंह 227 सैक्टर नंबर ए इन्दौर, अविनाश पुत्र अतूल कुमार यादव उज्जैन रोड इन्दौर, बिना पुत्री संजय केयरी इन्दौर,शिखा पत्नी मनोज वर्मा नीम का थाना जिला सीकर राजस्थान, सन्नी पुत्र नन्नूसिंह तंवर 24 वर्ष निवासी ओकांरेश्वर थाना बड़वाह जिला खरगोन, दिव्या पत्नी दीपक कंवर 24 वर्ष ओकारेश्वर थाना बड़वाह, जितेन्द्र पुत्र कृष्णपाल पाण्डे दशहरा मैदान पटेल कॉलोनी थाना बड़वाह, अभिनव पुत्र जितेन्द्र पाण्डे दशहरा मैदान पटेल कॉलोनी थाना बडवाह जिला खरगौन , हर्षित पुत्र संजय 6 वर्ष निवासी ओकांरेश्वर थाना बड़वाह, वंशराज पुत्र दीपक 7 वर्ष निवासी ओकांरेश्वर थाना बड़वाह, दिशा पुत्री संजय केशरी 19 वर्ष निवासी मारूति नगर इन्दौर, महक पुत्री महेश मोहिनी 22 वर्ष थाना एमआईजी इन्दौर, मयंक पुत्र विवेक तोमर 27 वर्ष विनित विहार कॉलोनी फेस-2 मेहरा चूंगी ईटावा यूपी, चन्द्रप्रकाश गुप्ता निवासी अन्नपूर्णा नगर इन्दौर एमपी शामिल हैं।

## देश विदेश

### मस्जिदों में जकात नहीं दी जाती, वह गरीबों के लिए है

**नई दिल्ली।** राम मंदिर चंदा विवाद के कथित मामले के बाद अब धार्मिक संस्थानों में मिलने वाले दान और उसके प्रबंधन को लेकर बहस शुरू हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता राशिद अल्वी और हजरत निजामुद्दीन दरगाह कमेटी के सज्जादानसीन एवं अध्यक्ष सैयद फरीद अहमद निजामी ने मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में मिलने वाले दान और जकात की व्यवस्था पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मस्जिदों में जकात नहीं दी जाती। जकात जरूरतमंद और गरीब लोगों के लिए होती है, न कि मस्जिदों के लिए। मस्जिदों का संचालन एक कमेटी करती है, जहां इमाम नमाज पढ़ाते हैं और नमाज के बाद लोग वहां से चले जाते हैं।

### नायरा का पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर की कमी की है। अब भोपाल में नायरा के पेट्रोल की कीमत 119.79 रुपए से घटकर 114.79 रुपए और डीजल 102.57 रुपए से घटकर 99.57 रुपए पर आ गया है। नायरा एनर्जी के देश भर में 7 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। बाकी कंपनियों के एक लाख से ज्यादा हैं। इस तरह बाजार में इसकी 7% हिस्सेदारी है। नायरा की नई दरें सभी जगह लागू हो गई हैं। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में लोकल टैक्स और वैल्यू-एडेड टैक्स की दरें अलग होने की वजह से हर शहर में रिटेल प्राइस में थोड़ा अंतर देखने को मिल सकता है।

### वेनेजुएला में मारे गए भारतीय नाविक के ब्रेन, फेफड़े-दिल निकाले

**देवरिया।** वेनेजुएला में मृत घोषित किए गए भारतीय नाविक के शरीर से आंतरिक अंगों के गायब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। 33 वर्षीय राकेश चौहान के शव से मस्तिष्क, हृदय, फेफड़ों समेत कई आंतरिक अंग गायब मिलने के बाद परिवार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं फेडरेशन आफ सीफेरर्स यूनियंस आफ इंडिया (एफएसयूआइ) ने भी घटना को गंभीर बताते हुए वेनेजुएला के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने व भारतीय दूतावास के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के लंगड़ा बाजार टोला निवासी राकेश चौहान नवंबर 2025 में एक्सफिनिटी कंपनी के माध्यम से मर्चेंट नेवी के एक जहाज पर चालक दल के सदस्य के रूप में वेनेजुएला गए थे।

### नेहा धूपिया ने पैपराजी पर भड़कते हुए चेतावनी दी



**मुंबई।** गोल्ड स्ट्रीमिंग अवॉर्ड सेरेमनी में नेहा धूपिया पैपराजी पर भड़क गई हैं। एक्ट्रेस ने बैक शॉट लेने और उन्हें पोस्ट करने पर नाराजगी जाहिर की और पैपराजी को कड़े शब्दों में वॉर्निंग भी दी। सेरेमनी से नेहा धूपिया अवॉर्ड लेकर निकल रही थीं। तभी पैपराजी ने उनके ग्रे हेयर पर कमेंट किया, जिसके जवाब में भड़कते हुए उन्होंने कहा है, बोल लिया, कर लिया, ये बदतमीजी से बैक शॉट कौन लेता है तुम लोगों में से? कौन लेता है? छापता कौन है? मत करो। मेरा नहीं करना है, किसी का नहीं करना है। बोल-बोलकर थक गए हैं। आगे एक्ट्रेस ने कहा, हम लोगों का काम नहीं है ये हम बाहर आते हैं, तो आप लोग वहां ये सब करते हैं, बैग उठाकर, बुक उठाकर, पीछे से चलते हुए, ये सब नहीं चलेगा, बंद करो ये सब। बहुत इज्जत से आप लोगों से बात करते हैं, ये सब मत करो। मत करो, बिल्कुल ये सब मत करो। बता दें कि कुछ समय पहले ही नेहा धूपिया का सोनाक्षी सिन्हा और जहीर के साथ रनिंग करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उनके बैक शॉट का इस्तेमाल हुआ था। कुछ समय पहले ही मलाइका अरोड़ा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो पैपराजी पर गुस्सा करती दिखी थीं।

### जैन मुनि को खामेनेई के अंतिम संस्कार का न्योता

**तेल अवीव।** जैन संत और अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला है। यह कार्यक्रम 4 और 5 जुलाई को तेहरान में होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय की ओर से भेजे गए निमंत्रण पत्र में कहा गया है कि भारत और ईरान के ऐतिहासिक रिश्तों को देखते हुए आचार्य लोकेश मुनि की मौजूदगी दोनों देशों के बीच गहरे सम्मान और मित्रता का प्रतीक होगी। ईरानी मीडिया के मुताबिक, अंतिम संस्कार में 1.2 करोड़ से 2 करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसी वजह से पूरे तेहरान में सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर में कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी सीमित रहेगी।

### बिना हिंदू रीति-रिवाजों के केवल मैरिज सर्टिफिकेट से विवाह मान्य नहीं: कोर्ट

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने विवाह की वैधता को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू रीति-रिवाजों और सामाजिक परंपराओं के बिना किया गया विवाह केवल पंजीकरण प्रमाण पत्र के आधार पर वैध नहीं माना जा सकता। ब्रिटेन में रहने वाले एक प्रवासी भारतीय युवक की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उसके कथित विवाह को शून्य घोषित कर दिया। जज इलेश जे वोरा और न्यायमूर्ति आर टी वाच्छानी की खंडपीठ ने अपने दस पन्नों के आदेश में यह स्पष्ट किया कि विवाह प्रमाण पत्र तभी मान्य होता है, जब विवाह पहले विधि-विधान और आवश्यक रस्मों के अनुसार संपन्न हुआ हो।

## मध्यप्रदेश और बिहार में बिजली गिरने से 8 की मौत

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़

एजेंसी ▸▸ जम्मू, भोपाल

जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इधर, मध्य प्रदेश के हरदा-खरगोन में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि बैतूल में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। वहीं, चंपा नदी के उफान में बाइक समेत दो युवक बह गए।



बिहार में भी बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र में मंगलवार शाम 4 बजे पिकनिक मनाने गए 3 लोग बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गए, एक की मौत हो गई।

उत्तराखंड में बारिश से देहरादून में रिस्पना नदी उफान पर है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ऋषिकेश में मंगलवार शाम से राफ्टिंग पर 31 अगस्त तक रोक लगा दी गई है।

### जुलाई में भी सामान्य से कम बारिश और बढ़ेगा तापमान

देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और कमजोर मानसून ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जुलाई के मौसम को लेकर नया पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग का कहना है कि फिलहाल देश में बारिश की करीब 40 फीसदी कमी दर्ज की गई है, लेकिन अगले 7 से 10 दिनों के दौरान होने वाली अच्छी बारिश से इस कमी में कुछ सुधार हो सकता है। इसके बावजूद पूरे जुलाई में देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार जुलाई में केवल बारिश ही कम नहीं रहेगी, बल्कि कई राज्यों में तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।

## जून में 1.94 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जून 2026 में 1.94 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। यह अप्रैल के रिकॉर्ड 2.42 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 20% कम है। हालांकि पिछले साल की समान अवधि यानी जून 2025 से 14% ज्यादा है। जून 2025 में 1.71 लाख करोड़ रु. का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। सरकार ने आज यानी 1 जुलाई को जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए। जून महीने में जीएसटी कलेक्शन की ग्रोथ मुख्य रूप से इंपोर्ट पर निर्भर रही। इंपोर्टेड गुड्स से होने वाला ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू सालाना आधार पर 35% बढ़कर 60,038 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# वॉट्सएप के यूजरनेम फीचर की जांच करेगी सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार वॉट्सएप के नए यूजरनेम फीचर की जांच करेगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस फीचर से पहचान छिपाकर धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड का खतरा काफी बढ़ सकता है।

पेरेंट कंपनी मेटा ने अपने इंस्टेंट मैसेजिंग एप में मोबाइल नंबर बताए बिना चैट करने वाला फीचर लॉन्च किया था। इसमें लोग सिर्फ यूजरनेम के जरिए किसी नए व्यक्ति से चैट कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, सरकार वॉट्सएप के इस अपकमिंग यूजरनेम फीचर की बारीकी से जांच करेगी। चिंता इस बात को लेकर है कि जब यूजर्स को फोन नंबर छिपाने की आजादी मिल जाएगी, तो जालसाजों के लिए किसी दूसरे के नाम का फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों को धोखा देना आसान हो सकता है। भारत में वॉट्सएप के 50 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं। इतने बड़े यूजर बेस की सुरक्षा और फेक प्रोफाइल से होने वाले फ्रॉड रोकने के लिए सरकार नए फीचर के सेफ्टी स्टैंडर्ड्स परखना चाहती है। कंपनी ने 29 जून से दुनियाभर में यूजरनेम का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। हालांकि, यह सुविधा सभी यूजर्स को एक साथ नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ महीनों में इसे धीरे-धीरे सभी देशों में रोल आउट किया जाएगा।

## खामेनेई के जनाजे में बुलाए गए खरगे और नितिन नबीन

**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के जनाजे को लेकर भारत को बड़ा कूटनीतिक निमंत्रण मिला है। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों को साथ लेकर चलने की कोशिश के तहत ईरान ने बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जनाजे में शामिल होने का न्योता भेजा है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच सामान्य हों हालात, पीएम मोदी-शहबाज को भेजी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के 100 से ज्यादा प्रमुख नागरिकों और नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पीएम शहबाज को पत्र लिखकर 'लगातार चल रही दुश्मनी' को खत्म करने की मांग की है। पीएम मोदी को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, आरजेडी सांसद मनोज झा और एजेयूपी नेता हुमायूं कबीर शामिल हैं।

## महाराष्ट्र के मंत्री बोले-कौन सा पेड़ गिरेगा कोई नहीं जानता

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई में मंगलवार को स्कूल बस पर पेड़ गिरने से छात्र की मौत पर राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा- पेड़ गिरना, बिजली गिरना किसी के हाथ में नहीं होता। यह पहले से पता नहीं चलता कि कौन सा पेड़ गिरने वाला है। पेड़ों के ऑडिट के सवाल पर मंत्री ने बुधवार को कहा कि ऑडिट नियमित रूप से किया जाता है। सरकार विधानसभा में हादसे पर बयान देगी। नगर निगम को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। दरअसल मंगलवार को चेंबूर इलाके में सड़क किनारे लगा करीब 70 साल पुराना पीपल का पेड़ स्कूल बस पर गिर गया। बस मेक फोर्स कंपनी की थी और उसमें यूनिवर्सल हाई स्कूल के छात्र सवार थे।

# तमिलनाडु में विजय सरकार गिराने की साजिश

## टीवीके का दावा- 15 विधायकों का एक साथ इस्तीफा कराने 35 करोड़ रिश्वत देने की कोशिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम के विधायकों को 35 करोड़ रुपए का लालच देकर राज्य सरकार को गिराने की कथित साजिश का दावा किया गया है। राज्य के खुफिया विभाग ने कहा है कि इस योजना को समय रहते नाकाम कर दिया गया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, साजिश के तहत टीवीके के 15 विधायकों से एक साथ इस्तीफा दिलाकर सरकार को संकट में डालने की तैयारी थी। इसी बीच ऊथंगुरै से टीवीके विधायक डॉ. एन. इलैयाराजा ने आरोप लगाया कि उन्हें स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में वोट देने के बदले 35 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई। शिकायत के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू की और चेन्नई की एक कंसल्टेंसी फर्म से जुड़े तीन लोगों तिरुनावुक्करासु, नरेश और त्यागराजन को गिरफ्तार किया। जांच में उनके डीएमके विधायक सेंथिल बालाजी से संबंध होने की जानकारी मिली है।


### 35 करोड़ की पेशकश की गई थी: विधायक



29 जून को विधायक इलैयाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि थिरुनावुक्करासु नाम के व्यक्ति ने खुद को एक सर्वे एजेंसी का प्रमुख बताकर उनसे फोन पर संपर्क किया। आरोपी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाया जाएगा और उनसे सत्तारूढ़ दल के खिलाफ वोट देने को कहा। इसके बदले में उसने 35 करोड़ रुपए देने की पेशकश की। विधायक ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। उनका आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने बातचीत का खुलासा करने पर उन्हें और उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

### हमारे विधायकों से संपर्क में हैं डीएमके के नेता: कुमार

तमिलनाडु के मंत्री सीटी निर्मल कुमार ने डीएमके पर एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी के साथ मिलकर विजय के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टीवीके के कई विधायकों को दल-बदल के लिए पैसे की पेशकश की गई है। उन्होंने कहा- डप्पाडी पलानीस्वामी और अन्य लोग गुपचुप तरीकों से सरकार बनाने की कोशिश कर रहे थे। आज हम उसका नतीजा देख रहे हैं। एमके स्टालिन और उदयनिधि के इशारे पर काम करते हुए सेंथिल बालाजी जैसे डीएमके के प्रमुख नेता हमारे कई विधायकों से संपर्क कर रहे हैं। वे उन्हें 20 करोड़ से 50 करोड़ रुपए तक की पेशकश कर रहे हैं। हमारा ऐसा कोई विधायक नहीं है, जिससे उन्होंने संपर्क न किया हो।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## 'गंभीर' पर नहीं 'गंभीर'

करीब 5 दशक से धर्मनगरी का साथ निभाने वाली गंभीर अब बीमार हो चली है। उद्गम स्थल से लेकर पास के जिले में उसकी स्थिति हमारे यहां आने के दौरान गड़बड़ हो रही है। उससे हमारे यहां भी उसके हाल बुरे हो रहे हैं। धीरे-धीरे प्रदूषण भी उसे घेर रहा है और उसका पानी जैसा निर्मल कभी रहा है अब उसमें वो बात नहीं बची है जो कभी हुआ करती थी। जलकुंभी बता रही है कि पानी में धीमी ही गति से सही प्रदूषण की स्थिति बराबर बनी है। अपने उद्गम स्थल से चट्टानों एवं बेसाल्ट के बीच अपना सफर तय करने वाली गंभीर अतिक्रमण के साथ अन्यानेक बीमारी से उसके घर से ही ग्रसित हुई है लेकिन पिछले 5 दशक से उसने हमारा साथ नहीं छोड़ा है। बराबर वह साथ निभा रही है। वर्ष का एक बड़ा हिस्सा वह हमें पानी पिलाने में कोई कोताही नहीं करती है। ये बात अलग है कि 5 दशक से हम उसके सहारे रहे और अब जबकि हमारे पास अन्यानेक विकल्प की स्थिति बनी तो हमने उसके प्रति बेरूखी का रूख बना लिया है। चहुंओर उद्दार के दौर में हम उसे भूला रहे हैं उसके प्रति हमें प्रदूषण को रोकने और उसके नीर को संचय करने के लिए अन्यानेक उपाय किए जा सकते थे और उसके अंतिम छोर तक के सफर तक उसे बराबर महत्व दिया जा सकता था। ऐसा नहीं किया जा रहा है सिर्फ उसके उपयोग भर के मुद्दे तक ही हम सिमट गए हैं। अब हमारे पास विकल्प आ जाने पर हमने उसके अंदर पिछले 5 दशक में आई गाद और अन्य प्रदूषित स्थितियों को भी साफ करने के लिए कोई विचार नहीं किया और न ही कोई योजना ही बनाई है। हमने उसे धीरे-धीरे दरकिनार की स्थिति में लाने की मंशा को साफ कर दिया है। ये तो अच्छा है कि हमने उसके नीर के दौहन के लिए प्लांट वहां लगा रखा है अन्यथा नई व्यवस्था के अमल में आते ही हम उससे मुंह फेर लेते। पिछले दशकों में जब विकल्प की स्थिति नहीं थी तब हमने 3 महाआयोजनों में उसके नीर से ही स्नानों को संपन्न करवाया है। लालपुल के पास स्थित वॉल्व को खोलकर पानी तब्दील किया गया। आज भी उसकी क्षमता बढाई जाए तो वह अगले 3 महाआयोजनों तक साथ देने को तत्पर है। उसके अंदर मौसम के दौरान इतना नीर बह जाता है जितना हम संजो नहीं पाते हैं। खुसूर-फुसूर है कि गंभीर को लेकर पूरी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इसके हर पहलू पर चिंतन किया जाना चाहिए कि कैसे इसके अधिकतम उपयोग को अमल में लाया जाए। उसके अंदर धीरे-धीरे समा रहे प्रदूषण को कैसे दूर किया जाए और उसके रखरखाव को कैसे अधिकतम उपयोगी बनाया जाए। पास के जिले में इसे लेकर योजना बनी है उस पर काम की शुरूआत भी हुई है। हमें भी 'गंभीर' पर गंभीर होना ही होगा और उसके नीर को बेहतर योजना के साथ अगले कई महाआयोजनों तक उपयोग के लिए संजोना होगा।




## न्यूज कॉलम

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की मालवा प्रांत की बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली की मालवा प्रांत की बैठक 26 जून को माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन में प्रांत अध्यक्ष एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मालवा प्रांत के 13 से जिलो के 17 महिला सहित कुल 68 कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। बैठक में राष्ट्रीय और क्षेत्रिय स्तर के प्रांत में निवासरत राजीव पण्ड्या, सुनीता जोशी, गीता नायक, राम सागर मिश्रा, ओम शर्मा का मार्गदर्शन मिला, बैठक में सुनील पंड्या, डॉ. हरीश व्यास, डॉ. नीरज सरवन, यशवंत गोयल पूरी बैठक का संचालन नवीन टीम के द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय शिक्षा दिवस प्रांत में 124 स्थानों पर 150 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। सभी विषयों के संयोजकों ने अपनी टोली और उसकी बैठकों का अंतराल तय किया। विषय अनुसार कार्यक्रम और गतिविधियों का वृत्त भी रखा गया। बड़वानी और झाबुआ में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए समविचारी संगठनों को साथ ले कर कार्य प्रारंभ किया गया, उसकी प्रस्तुति हुई। इस बैठक में संकल्प लिया गया कि उज्जैन में आगामी सितम्बर माह में शिक्षा से आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय कार्यक्रम जो आयोजित होगा। उस अवसर पर नगर के शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। बैठक में कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व दिए गए।

शहर में सड़कों की छोटी-मोटी मरम्मत का पैदा हुआ अभाव, आमजन की समस्या यथावत

# सिंहस्थ के काम पर ध्यान, छोटे-छोटे मरम्मत के काम रूके

**सिवरेज लाइन की खुदाई पर नहीं किसी का ध्यान, जिम्मेदार देखने को नहीं तैयार**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ एवं विभागीय काम में अटका नगर निगम का अमला शहर को नजरअंदाज कर रहा है। शहर में छोटी झमोटी टूटी सडकों का ही लंबें समय से संधारण नहीं किया जा रहा है।मरम्मत के अभाव में आम रहवासी को दुर्गति की स्थिति में ही ऐसे मार्गों से गुजरना पड रहा है। इसके साथ ही सविरेज लाईन की खुदाई के बाद मरम्मत पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस कारण से संधारण के काम कमजोर हो रहे हैं और जमीन कई स्थानों पर धंस रही है।



### सिवरेज की मरम्मत कमजोर

शहर में सिवरेज के पाईप डालने के लिए खुदाई बदस्तुर जारी है। खुदाई के उपरांत संबंधित क्षेत्रों में गड्ढों की भराई का काम तो किया जा रहा है लेकिन उसकी पूर्ण गुणवत्ता न होने के कारण बाद में जमीन धंसने की समस्या बराबर अनेकों क्षेत्रों में सामने आ रही है। प्रेमछाया मार्ग पर भी यही हाल हैं तो अन्य क्षेत्रों में भी यही देखा जा रहा है। इसके कारण से दुर्घटना की स्थिति बराबर बन रही है। संबंधित संधारण की स्थिति एवं जमीन धंसने के कारण से वहां एक कृत्रिम नाली जैसा बन रहा है।

### उपयंत्रियों की नजरअंदाजी

सिवरेज लाईन डालने के बाद संधारण के कामों की गुणवत्ता देखने के लिए पूर्व निगमायुक्त ने क्षेत्रीय स्तर पर उपयंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी दी जिसके आदेश जारी किए गए थे। उसके बाद भी संबंधित उपयंत्री इस काम को नजरअंदाज कर रहे हैं। सिवरेज लाईन डालने के काम में जिम्मेदार एजेंसी निरंतर संधारण के काम को गुणवत्तापूर्ण अंजाम देने में उदासीनता बरत रही है। ऐसे में बराबर सडकों का नुकसान नगर निगम को उठाने की स्थिति बन रही है।

शहर में एक नहीं अनेक स्थानों पर सडकों के छोटे-छोटे संधारण के कामों को क्षेत्रीय स्तर पर नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके चलते छोटे-छोटे टूकडों में सडक पर बने गड्डे आवागमन में परेशानी दे रहे हैं। माधवनगर अस्पताल के ठीक सामने से फ्रीगंज की ओर जा रही सडक पर चौराहे से मात्र 20 मीटर के दायरे में ही गड्ढे हो रहे हैं। उबड झ खाबड हो रही इस सडक पर छोटा सा मरम्मत का कार्य किए जाने से ही सडक बेहतर हो सकती है लेकिन इस और जोन कार्यालय की नजरअंदाजी है। इसी प्रकार से कंट्रोल रूम के पास में व्यस्ततम चौराहा से फ्रीगंज की और जाने वाली सडक पर भी यही हाल हैं। इसके अलावा क्षेत्र में कई स्थानों पर छोटी-छोटी मरम्मत के कारण सडकों पर आवागमन दुरूह बना हुआ है।

नियमित कचरा उठाव नहीं होने से कई जगह फैल रही गंदगी

# सफाई व्यवस्था बेहाल, कहीं टूटे तो कहीं डस्टबिन ही गायब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। सार्वजनिक स्थलों और विभिन्न वार्डों में रखे गए डस्टबिन या तो कूड़े से पूरी तरह भर चुके हैं,या फिर टूट-फूट का शिकार हैं या फिर कई स्थानों से डस्टबिन गायब हो गए हैं। परिणामस्वरूप लोग मजबूरी में सड़क किनारे और खुले स्थानों पर कचरा फेंक रहे हैं, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दैनिक अवंतिका की पड़ताल में कई जगह डस्टबिन गायब दिखाई दिए। डस्टबिन नहीं होने से कचरा खुले में पड़ा मिला तो कहीं टूटे हुए डस्टबिन उपयोग के लायक ही नहीं बचे हैं। कई स्थानों पर रखे छोटे डस्टबिन जल्दी भर जाने से उनके आसपास भी गंदगी का अंबार लग गया है। सामुदायिक शौचालयों के बाहर भी पर्याप्त डस्टबिन नहीं होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



### कबाड़ बनते जा रहे डस्टबिन

शहर में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए लगाए गए हरे और नीले रंग के डस्टबिन अब बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। कई डस्टबिन टूट गए हैं, जबकि कई जगह उनका उपयोग ही नहीं हो रहा। कई जगह डस्टबिन लबालब भरे हुए हैं कई समय तक इनमें पड़ा गीला कचरा सड़ने से दुर्गंध फैल रही है और डस्टबिन स्वयं कबाड़ में तब्दील होते जा रहे हैं।

### नियमित सफाई और कचरा उठाव नहीं

शहर में स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन नियमित सफाई और समय पर कचरा उठाव नहीं होने से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। कई सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन पूरी तरह भर जाने के बाद भी लंबे समय तक खाली नहीं किए जाते। वहीं कई क्षेत्रों में कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था ही नहीं है। इसके कारण लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हैं और गंदगी लगातार बढ़ रही है। शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था और डस्टबिन की अव्यवस्था का असर स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग पर भी पड़ सकता है। यदि समय रहते टूटे और गायब डस्टबिन बदले नहीं गए तथा नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के प्रयासों को बड़ा झटका लग सकता है।

## मांगों को लेकर आज ज्ञापन देंगे डिप्लोमा इंजीनियर्स

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन (नियमित एवं सेवानिवृत्त) के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर के डिप्लोमा इंजीनियर अपनी लंबित मांगों को लेकर 1 जुलाई 2026 को संभाग आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से डिप्लोमा इंजीनियरों के लिए प्रारंभिक ग्रेड पे निर्धारित करने तथा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने की मांग की जाएगी। संगठन के प्रांतीय महामंत्री इंजी. मनोज शर्मा ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर लंबे समय से वेतन संबंधी विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी. राजीव गायकवाड एवं इंजी. आर.सी. वाजपेई (सेवानिवृत्त संगठन) ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियरों को अन्य कर्मचारियों की तरह 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए।

टेंट और अन्य अवरोध के कारण बनने से

## महाकाल मंदिर में शिखर दर्शन में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में नियमित बाबा महाकाल के दर्शन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिखर दर्शन भी करते हैं। इन दिनों मंदिर परिसर के आसपास की गई व्यवस्थाओं के कारण कई श्रद्धालुओं को शिखर दर्शन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि एक ओर से शिखर का दर्शन संभव हो रहा है, लेकिन दूसरी ओर लगाए गए टेंट और उसके गुंबद जैसी संरचनाएं शिखर के सामने आ जाने से दर्शन बाधित हो रहे हैं। इसके चलते श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से मंदिर के शिखर के दर्शन नहीं हो पा रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने प्रशासन और मंदिर प्रबंधन से मांग की है कि शिखर दर्शन के मार्ग और दृश्य को बाधित करने वाली अस्थायी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्त बिना किसी रुकावट के बाबा महाकाल के शिखर के दर्शन कर सकें।

हालांकि, मंदिर प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि आवश्यक हुआ तो व्यवस्थाओं में बदलाव कर श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की जा सकती है।

## देहदान-नेत्रदान के संकल्प के साथ सेवा निवृत हुए स्वामी मुस्कुराके



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मां वीणापाणि सरस्वती की सुरभित वाटिका को शिक्षा, संस्कार, क्रीडा, समाज सेवा, काव्य, साहित्य, हास्य व्यंग्य, अनुशासन, कार्यक्रम संचालन से महकाने वाले राष्ट्रपति, राज्यपाल अलंकरण एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से अलंकृत शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके शैक्षणिक जगत की अनमोल धरोहर है। 39 वर्षीय शिक्षा के सेवा काल में बेदाग रहकर उज्जैन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। ऐसे बहुमुखी व्यक्तित्व समाज के लिए अनुकरणीय है।

उक्त उद्गार शालिग्राम तोमर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित ने शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुरा के सेवानिवृत्ति अवसर पर व्यक्त किये। अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक ममता मिश्रा ने की। अभिनंदन समारोह के प्रति उत्तर में पंडित शैलेंद्र व्यास ने कहा कि शिक्षक का दायित्व शिक्षार्थी को केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं है वरन समाज के विभिन्न आयामो से शिक्षार्थी को तराशना भी है। मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मित्रवर डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर गीता भवन न्यास बड़नगर को नेत्रदान एवं आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज को देहदान करने का संकल्प लिया। नेत्रदान एवं देहदान करने का प्रमाणिक दस्तावेज भी प्राप्त किया। विशेष अतिथि हेमा व्यास थी। प्रियंका सोलंकी एवं मनीष गुप्ता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अभिनंदन पत्र का वाचन भारती गोमे ने किया। समारोह के सूत्रधार वरिष्ठ शिक्षक श्री संजय अस्थाना थे। इस अवसर पर शिक्षक पुरुषोत्तम विष्णु ने कहा कि प्रधानाध्यापक शैलेंद्र व्यास ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, गरीब विद्यार्थियों को स्वेटर, कॉपियां, बैग्स आदि प्रदान करने में महत्व भूमिका निर्वहन की है। विद्यालय परिवार के चंद्रभान सिंह दोहरे, सीमा सिसोदिया, लता शिंदे, योगेश शर्मा, ए.के. मालवीय ने शाल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र भेंट किया। आभार राकेश जोशी ने व्यक्त किया।

## पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह ने पूर्व विधायक मोरवाल को साफा बांधकर किया सम्मानित






दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बड़नगर प्रवास के दौरान ऊँकार-लीला पैलेस में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारों और गाजे-बाजे के साथ अपने चहेते नेता की अगवानी की व पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत सूत की माला पहनाकर व पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर किया। इसके साथ ही पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह ने पूर्व विधायक मोरवाल का साफा बांधकर सम्मान किया।



## न्यूज ब्रीफ

### कृषि महाविद्यालय इंदौर में एक दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न

इंदौर। **मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भोपाल द्वारा इंदौर के कृषि महाविद्यालय में कृषि विपणन में प्राकृतिक खेती एवं सहकारी संस्थाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कृषि विपणन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के सचिव श्री महेंद्र दीक्षित रहे। अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय इंदौर के डीन श्री भरत सिंह ने की। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि, उपसंचालक कृषि, उपसंचालक आत्मा, इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिला विपणन अधिकारी, विपणन संस्थाओं तथा सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।**

### डिजिटल इंडिया की 11 वर्षों में हुई प्रगति के लिए माना आभार

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'डिजिटल इंडिया' की 11 वर्षों की अविस्मरणीय यात्रा का पूर्ण होना गर्व का विषय है। 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य की ओर बढ़ते डिजिटल कदमों से देशवासियों का जीवन सरल व सुगम हुआ है। साथ ही देश में समृद्धि के नए द्वार भी खुले है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का डिजिटल इंडिया की इन 11 वर्षों की अविस्मरणीय यात्रा के लिये आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल यात्रा की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए अपने संदेश में बताया कि पिछले 11 वर्षों में डिजिटल क्रांति ने यूपीआई से 81 प्रतिशत डिजिटल भुगतान सुनिश्चित किया, 2.18 लाख ग्राम पंचायतें भारत नेट से जुड़ीं, 45 हजार से अधिक जीपीयू से ए.आई. मिशन को गति मिली और 2.23 लाख स्टार्ट-अप्स ने 23.36 लाख रोजगार सृजित किए।

### मंडी शुल्क में बदलाव: निमाड़ के किसानों पर मेहरबानी

**इंदौर।** निमाड़ के किसान-व्यापारियों पर सरकार मेहरबान है तो मालवा-निमाड़, महाकौशल से लेकर विंध्य तक के किसान-व्यापारियों को सजा क्यों दी जा रही है? मंडी शुल्क में हुए बदलाव के बाद अब यह सवाल खड़ा हो रहा है। असल में 16 जून को अधिसूचना जारी कर सरकार ने कपास पर मंडी शुल्क में आधा प्रतिशत की कमी कर दी। दूसरी ओर अन्य सभी अनाज और दलहन-तिलहन से लेकर अन्य उपजों पर मंडी शुल्क आधा प्रतिशत बढ़ा दिया। दरअसल प्रदेश में कपास की पैदावार ज्यादातर सिर्फ निमाड़ बेल्ट में होती है।

### पांच साल में लगातार मौतों की संख्या बढ़ी



**इंदौर।** इंदौर में सड़क हादसों में लगातार बढ़ रही मौतों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का मूल्यांकन दावों से नहीं, बल्कि हादसों और मौतों में आई कमी से होगा। इंदौर में पांच साल से लगातार मौतों की संख्या बढ़ रही है, जो आपके सुधार के दावे से मेल नहीं खाती। न्यायमूर्ति सप्रे ने सड़कों का सर्वे कर वर्षाकाल से पहले गड्ढे भरने, ब्लैक स्पाट सुधारने, हेलमेट और सीट बेल्ट की सख्ती बढ़ाने तथा ड्रिंक एंड ड्राइव पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समिति अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने बैठक में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर जेब्रा क्रॉसिंग जरूर बनाएं। शहर के अंदर से लेकर बायपास पर यह होना चाहिए। इसके लिए हर माह मानिटरिंग भी करें। उन्होंने लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों में मौतों पर जवाब मांगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने शहर में जारी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब निर्माण वाले स्थान पर पहले सर्विस रोड तैयार की जाएगी, इसके बाद निर्माण शुरू होगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर कलेक्टर नवजीवन पंवार, आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस टर्मिनल जल्द होगा शुरू

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर इंदौर में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित श्री टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके संचालन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है और इसे अति शीघ्र आमजन के लिए प्रारंभ किया जाएगा। इसी सिलसिले में इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कुमेड़ी स्थित टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा, डॉ. परीक्षित झाड़े, अर्थ जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चालान काटना समाधान नहीं, लोगों को जागरुक करें

**इंदौर।** शहर के ट्रैफिक सुधार के लिए कोर्ट द्वारा गठित कमेटी की बैठक मंगलवार को इंदौर में हुई। कमेटी के अध्यक्ष जस्टिस मनोहर सप्रे ने कहा कि शहर में हादसों को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट खत्म करना जरूरी है। हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन की रक्षा करते हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक करें, ताकि यह जन आंदोलन का रूप ले सके और ऐसा माहौल बने। चालान काटना ही समस्या का समाधान नहीं है। इस कमेटी का गठन सड़क हादसों में कमी लाने और ट्रैफिक को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है। पहले कमेटी के सदस्य शहर की सड़कों का दौरा भी कर चुके हैं। मंगलवार को कमेटी की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी चालानी कार्रवाई होनी चाहिए।

इंदौर और चित्तौड़गढ़ सांसद रखेंगे रेल मंत्रालय के सामने नई ट्रेन का प्रस्ताव

## दोहरीकरण के बाद बढ़ी उम्मीद, इंदौर-उदयपुर के बीच नई रेल की मांग तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मालवा और मेवाड़ के बीच वर्षों पुराने सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यापारिक संबंधों को देखते हुए इंदौरझ्रउदयपुर के बीच नई रेल सेवा शुरू करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इंदौर में मेवाड़ क्षेत्र से आए लाखों परिवार वर्षों से निवास कर रहे हैं। रोजगार, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, धार्मिक यात्राओं और पारिवारिक कारणों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इंदौर और मेवाड़ के बीच आवागमन करते हैं। ऐसे में यात्रियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि वर्तमान समय में इस मार्ग पर एक अतिरिक्त रेल सेवा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।

वर्तमान में वीरभूमि एक्सप्रेस इस मार्ग की प्रमुख सीधी रेल सेवा है। वर्षों पहले जब यह ट्रेन सुबह इंदौर से चलकर देर शाम उदयपुर पहुंचती थी, तब यात्रियों को पूरे दिन की यात्रा करनी पड़ती थी। व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और पारिवारिक यात्रियों के लिए यह समय बेहद असुविधाजनक था।

उस समय इंदौर के मेवाड़ समाज ने व्यापक स्तर पर आंदोलन किया था। तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, रेलवे सलाहकार समिति के तत्कालीन सदस्य नागेश नामजोशी तथा चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी से लगातार मुलाकात कर यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। समाज की ओर से चरणबद्ध आंदोलन, ज्ञापन और जनप्रतिनिधियों से संवाद के बाद रेलवे ने ट्रेन का समय बदलते हुए इसे रात्रिकालीन सेवा के रूप में संचालित किया, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली।

बाद में वीरभूमि एक्सप्रेस का विस्तार उदयपुर से आगे असारवा (अहमदाबाद) तक कर दिया गया। यात्रियों का कहना है कि इस विस्तार से रेलवे को राजस्व का लाभ अवश्य मिला, लेकिन मेवाड़ क्षेत्र के यात्रियों के लिए स्थिति पहले जैसी सुविधाजनक नहीं रही। उदयपुर और मावली से टिकट लेने वाले यात्रियों को अक्सर लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ता है। कई यात्रियों का कहना है कि कन्फर्म सीट प्राप्त करने के लिए उन्हें हिम्मतनगर जैसे आगे के स्टेशन से टिकट लेना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त किराया भी चुकाना पड़ता है।

### हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इसी मार्ग का उपयोग करते

इंदौर से मेवाड़ जाने वाले यात्रियों के लिए यह रेल मार्ग केवल उदयपुर तक सीमित नहीं है। चित्तौड़गढ़ स्थित श्री सांवलिया सेठ धाम, नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर, चारभुजा जी, एकलिंगजी, कुंभलगढ़ किला तथा उदयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। वहीं इंदौर में बसे मेवाड़ मूल के परिवारों का अपने गांवों और रिश्तेदारों से वर्षभर आवागमन बना रहता है।

यात्रियों का मानना है कि इंदौरझ्रचित्तौड़गढ़ रेलखंड का दोहरीकरण और विद्युतीकरण पूरा होने के बाद अब इस रेल कॉरिडोर पर नई ट्रेन शुरू करने की संभावनाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई हैं। उनका सुझाव है कि यदि वीरभूमि एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन परिचालन कारणों से संभव नहीं है, तो रेलवे को इंदौरझ्रउदयपुर के बीच नई ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करनी चाहिए अथवा इस रेलखंड पर संचालित किसी उपयुक्त रेल सेवा का इंदौर तक विस्तार करना चाहिए।

चित्तौड़गढ़ सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि मेवाड़ क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी उन्होंने इस रेल सेवा को लेकर लगातार प्रयास किए थे तथा वीरभूमि एक्सप्रेस के नामकरण में भी उनकी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर से चित्तौड़गढ़ तक दोहरीकरण का कार्य पूरा होने के बाद अब नई रेल सेवा शुरू करने की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। वे शीघ्र ही रेल मंत्री और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इंदौरझ्रउदयपुर नई ट्रेन का प्रस्ताव रखेंगे।

### मेवाड़ और मालवा के निवासियों से पारिवारिक रिश्ता - शंकर लालवानी

इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर-उदयपुर नई ट्रेन की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है। इंदौरझ्रचित्तौड़गढ़ रेलखंड का दोहरीकरण पूरा होने के बाद रेलवे सलाहकार समिति एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर रेल मंत्रालय के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा, ऱमैं हमेशा ही कहता हूं कि भले ही मेवाड़ से लोग अपने रोजगार और रोजी-रोटी की तलाश में मालवा आए थे, लेकिन आज वे यहां के समाज में उसी तरह घुल-मिल गए हैं, जैसे दूध में शक्कर घुल जाती है। उन्होंने अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी जीवित रखा है तथा इंदौर और मालवा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कांग्रेस नेता दीपक जोशी 'पिंटू' ने कहा, मैं स्वयं मेवाड़ से आता हूं। मेवाड़ का परिवार मेरा अपना परिवार है। पूर्व में भी हम सभी ने मिलकर इस ट्रेन के समय परिवर्तन को लेकर समय-समय पर आंदोलन किए थे। उस समय रेलवे तकनीकी कारणों का हवाला देता था, लेकिन अब इंदौर से चित्तौड़गढ़ तक दोहरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है और अधिकांश तकनीकी बाधाएं भी समाप्त हो गई हैं। मेरी रेल मंत्रालय से गुजारिश है कि इंदौर-उदयपुर के बीच जल्द से जल्द नई ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जाए, ताकि हमारे मेवाड़वासी सुरक्षित, सुविधाजनक और सुलभ यात्रा कर सकें।

**मेवाड़ समाज फिर हुआ सक्रिय-** समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि पूर्व में मेवाड़ महासंघ एवं मेवाड़ रेल यात्री संगठन के बैनर तले जसराज मेहता, भूरालाल व्यास, राकेश जोशी, प्यारेलाल जोशी, किशनलाल जोशी, धर्मेंद्र पुरोहित और रवि प्रजापत सहित अनेक समाजजन इस रेल आंदोलन में सक्रिय रहे थे। समाज का कहना है कि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। समय परिवर्तन से अधिक आवश्यकता इंदौर-उदयपुर के बीच नई दैनिक ओवरनाइट रेल सेवा की है। दोहरीकरण पूरा होने के बाद समाज को उम्मीद है कि रेल मंत्रालय इस लंबे समय से चली आ रही जनभावना पर सकारात्मक निर्णय लेकर मालवा और मेवाड़ के लाखों यात्रियों को नई रेल सेवा की सौगात देगा।

एक का भी नहीं किया ट्रांसप्लांट, तापमान 3 डिग्री तक बढ़ गया

## उज्जैन में तीन साल में सैकड़ों वृक्ष काट दिए गए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में चौड़ीकरण के लिए तीन साल में सैकड़ों बड़े पेड़ काट दिए और दावा किया गया था कि उन्हें ट्रांसप्लांट किया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि उज्जैन में विकास के नाम पर अब तक हजारों पेड़ काट दिए गए हैं, लेकिन अभी तक यहां हरियाली के पौधे नहीं लगाए गए हैं। इसकी वजह उज्जैन में पर्यावरण संतुलन तेजी से बिगड़ता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर पक्षियों पर पड़ रहा है। पेड़ों की बोताहाशा कटाई की वजह से कई पक्षियों की प्रजातियाँ शहर से विलुप्त होती जा रही हैं। यह एक गंभीर समस्या है। दूसरी तरफ हरियाली खत्म होने से मौसम पर भी इसका असर पड़ रहा है। खासतौर से जहाँ पहले घने पेड़ होते थे, कटाई के बाद वहाँ तापमान में भी 3 से 5 डिग्री तक का अंतर आ गया है। वहीं शहर में आए दिन पेड़ काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। लेकिन जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। एक जानकारी के मुताबिक जर्मनी में पेड़ों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए विशेष मशीनों का उपयोग किया जाता है। इन मशीनों को ट्री ट्रांसप्लांटर या ट्री स्पेड कहा जाता है। ये मशीनें बड़े पेड़ों को भी आसानी से उखाड़कर, बिना बिना नुकसान पहुँचाए, दूसरी जगह लगा सकती हैं। जर्मनी में इन मशीनों का उपयोग न केवल पेड़ों को लगाने के लिए किया जाता है, बल्कि उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए भी किया जाता है। यह तकनीक विशेष रूप से उन मामलों में उपयोगी है जहाँ पेड़ों को विकास के लिए या निर्माण कार्यों के कारण स्थानांतरित करने की आवश्यकता होती है। गुजरात में भी पेड़ों को शिफ्ट करने के लिए इन्हीं मशीनों का उपयोग किया जाता हैं। ये मशीनें पेड़ों को बिना नुकसान पहुंचाए, उनकी जड़ों सहित, एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में मदद करती हैं।



### यह है पेड़ शिफ्टिंग की मशीनें

**ट्री स्पेड्सः** ये मशीनें एक बड़े, गोल ब्लेड का उपयोग करके पेड़ को काटती हैं और फिर उसे एक विशेष कंटेनर में उठाती हैं।

**ट्री शावलः** ये विशेष मशीनें पेड़ को चारों तरफ से खोदकर, उसकी जड़ों को नुकसान पहुंचाए बिना, उसे उठाती हैं।

**ट्री क्रेनः** ये मशीन बड़ी होने के साथ ही भारी होती है। इस मशीन की मदद से पेड़ों को आसानी से उठाकर दूसरी जगह ले जाकर शिफ्ट किया जा सकता है।

## मुंबई सेंट्रल मंडल की सौर ऊर्जा क्षमता 8.5 मेगावाट पीक के पार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता तथा नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अपने हरित ऊर्जा अवसंरचना का उल्लेखनीय विस्तार किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान मुंबई सेंट्रल मंडल ने 2,607 किलोवाट पीक अतिरिक्त रूफटॉप सौर क्षमता स्थापित की है, जिससे मंडल की कुल स्थापित सौर क्षमता बढ़कर 8,532 किलोवाट पीक हो गई है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संपूर्ण सौर ऊर्जा नेटवर्क से प्रतिवर्ष 1 करोड़ यूनिट से अधिक हरित विद्युत का उत्पादन होने की अपेक्षा है, जिससे लगभग 13.4 करोड़ की वार्षिक बचत होगी। अधिकतम कवरेज एवं परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उपनगरीय तथा गैर-उपनगरीय दोनों क्षेत्रों में सौर ऊर्जा क्षमता का विस्तार किया गया। उपनगरीय क्षेत्र के अंतर्गत मंडल ने 12 प्रमुख उपनगरीय स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेडों एवं रेल भवनों की छतों पर रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित कर 1,608 किलोवाट पीक अतिरिक्त क्षमता जोड़ी है। प्रमुख प्रतिष्ठापनों में वसई रोड, विरार, दादर, बोरीवली तथा मीरा रोड शामिल हैं।

नगर निगम की कार्रवाई पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

## पीपल के ट्रांसप्लांट पर सियासत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

गीता भवन चौराहे के समीप स्थित वर्षों पुराने पीपल के पेड़ को ट्रांसप्लांट किए जाने का मामला अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। नगर निगम का कहना है कि गली में रहने वाले रहवासियों की परेशानी को देखते हुए पेड़ को काटने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा रहा है। वहीं, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष सोलिना भाटिया ने वीडियो जारी कर इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

सोनाली मिमरोट ने आरोप लगाया कि ट्रांसप्लांट के नाम पर पहले पेड़ की शाखाएं काटी गईं और बाद में उसे उखाड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि निगम पेड़ को जिमखाना परिसर में लगाने की बात कर रहा है, लेकिन इसकी क्या गारंटी है कि यह वर्षों पुराना पीपल फिर से पहले की तरह विकसित हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक दिन पहले ही पूर्णिमा पर महिलाओं ने इस पीपल की पूजा-अर्चना की थी, ऐसे में इसे हटाने से धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं। वहीं, नगर निगम का पक्ष है कि पेड़ को काटने के बजाय ट्रांसप्लांट करना पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बेहतर विकल्प है।



निगम का कहना है कि इससे एक ओर रहवासियों की समस्या का समाधान होगा, वहीं दूसरी ओर पेड़ को भी संरक्षित रखा जा सकेगा। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अब यह मामला केवल एक पेड़ के स्थानांतरण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि जनसुविधा, पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के बीच संतुलन को लेकर भी बहस का विषय बन गया है। नगर निगम की ओर से ट्रांसप्लांट की सफलता और पेड़ के संरक्षण को लेकर आगे की कार्रवाई पर सभी की नजर रहेगी।

## एक व्यक्ति, एक पद,एक बार की मांग हाईकोर्ट पहुंची

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में एक अनूठी जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, कानून मंत्री, सांसद सहित विभिन्न संवैधानिक और राजनीतिक पदों पर किसी भी व्यक्ति को एक से अधिक बार नियुक्त किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में देशभर में एक व्यक्ति, एक पद, एक बार का सिद्धांत लागू करने की मांग उठाई गई है। हाई कोर्ट ने याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 3 अगस्त को निर्धारित की गई है। ये जनहित याचिकाएं अलीराजपुर निवासी 70 वर्षीय अधिवक्ता डॉ. शंकरलाल वागवान द्वारा दायर की गई हैं। खास बात यह है कि वे स्वयं ही इन याचिकाओं में अपनी पैरवी भी कर रहे हैं।

## पुरानी स्मृतियों से हुए भावुक मंत्री सिलावट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट बुधवार को नए शिक्षा सत्र के अवसर पर इंदौर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय पहुंचे। यह अवसर उनके लिए अत्यंत भावुक, प्रेरणादायी और अविस्मरणीय रहा, क्योंकि इसी महाविद्यालय से उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। वर्षों बाद अपनी शिक्षास्थली में प्रवेश करते ही उनके छात्र जीवन की अनेक स्मृतियाँ ताजा हो उठीं।

महाविद्यालय परिसर में पहुंचते ही मंत्री श्री सिलावट ने शिक्षा के इस मंदिर की चौखट पर साष्टांग दंडवत प्रणाम कर अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। उनका यह आत्मीय और भावनात्मक भाव वहां उपस्थित प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा अधिकारियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सभी ने इस क्षण को शिक्षा, संस्कार और गुरुजनों के प्रति सम्मान का जीवंत उदाहरण बताया। मंत्री श्री सिलावट का इस महाविद्यालय से गहरा और आत्मीय जुड़ाव रहा है। इसी वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इसके बाद उन्होंने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में भी नेतृत्व किया। छात्र राजनीति के माध्यम से उन्होंने अपने सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरूआत की।

यूनिक आईडी होगी अनिवार्य, उल्लंघन करने पर होगी चालानी कार्रवाई

## ऑटो-ई रिक्शा का अब 2 शिफ्टों में होगा संचालन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में यातायात पुलिस ने आवागमन को बेहतर बनाने की नई पहल शुरू की है। अब शहर में ऑटो-ई रिक्शा का संचालन 2 शिफ्ट में होगा। चालकों को यूनिक आईडी प्राप्त करना अनिवार्य होगा। 7 दिनों में पूरी प्रक्रिया करना होगी उसके बाद नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

यातायात पुलिस के अनुसार वर्तमान में शहर में करीब 5,000 ऑटो और ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने और यातायात को संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से सभी ऑटो और ई-रिक्शा का संचालन अब दो शिफ्टों में कराया जाएगा। प्रत्येक वाहन को यूनिक आईडी जारी की जाएगी, जिसके आधार पर उसकी संचालन अवधि निर्धारित होगी।

पुलिस ने सभी ऑटो और ई-रिक्शा संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अगले सात दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से यातायात थाना, उज्जैन पहुंचकर अपनी यूनिक आईडी प्राप्त करें। इसके लिए वाहन के सभी वैध दस्तावेज और चालक का आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही संबंधित वाहन को यूनिक आईडी जारी की जाएगी।

### वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित सात दिन की अवधि समाप्त होने के बाद बिना यूनिक आईडी कोई भी ऑटो या ई-रिक्शा शहर में संचालित नहीं किया जा सकेगा। साथ ही यदि कोई चालक अपनी निर्धारित शिफ्ट से अलग समय में वाहन चलाते हुए या बिना यूनिक आईडी के संचालन करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ मोटरयान अधिनियम और प्रचलित यातायात नियमों के तहत चालानी कार्रवाई के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

### जाम में कमी आएगी



पुलिस का मानना है कि इस व्यवस्था से महाकाल मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, रामघाट और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास लगने वाले जाम में कमी आएगी तथा सिंहस्थ-2028 से पहले शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

## उज्जैन में 2.80 लाख से ज्यादा लोगों को नहीं मिलेगा राशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले में कंट्रोल की दुकानों से राशन लेने वाले 2.80 लाख लोग मुश्किल में आ गए हैं। दरअसल इनका बायोमेट्रिक लॉक हो गया है, इसके बिना यह राशन नहीं ले सकेंगे। राशन पाने के लिए इन्हें री-ईकेवाईसी कराना होगा। जानकारी के अनुसार ये वाले लोग हैं जिन्होंने पिछले करीब 5 साल में बायोमैट्रिक सिस्टम का उपयोग ही नहीं किया है।

इनमें से कुछ लोगों के आधार भी अपडेट हो गए, ऐसे में करीब 2.80 लाख से ज्यादा लोगों को फिर से ईकेवाईसी कराना होगी। प्रशासनिक अधिकारियों को इस बात का डर भी सता रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बायोमेट्रिक लॉक होने से राशन नहीं मिला तो वो हंगामा कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक इस करीब 15 हजार से अधिक लोगों ने राशन के लिए फिर से ईकेवाईसी करवा लिया है। जानकारी के मुताबिक इस महीने सभी का री-केवाईसी का काम पूरा करवा लिया जाएगा। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो लंबे समय से राशन की दुकानों पर नहीं पहुंचे।

# आत्मज्ञानी के भीतर किसी प्रकार का नहीं होता अभाव



इस नश्वर संसार में नष्ट न होने वाली वस्तु क्या है? वह सत्य है। सत्य की विजय केवल एक नैतिक आदर्श नहीं, बल्कि सृष्टि का शाश्वत नियम है। वही सत्य वास्तविक सत्य कहलाने योग्य है, जिसके पीछे समस्त प्राणियों के कल्याण की भावना निहित हो। ऐसा सत्य व्यक्ति विशेष के हित तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समग्र मानवता के मंगल का मार्ग प्रशस्त करता है। असत्य कभी स्थायी विजय प्राप्त नहीं कर सकता। वह क्षणिक रूप से भले सफल दिखाई दे, किंतु उसकी वह सफलता अंततः उसके विनाश का संकेत बन जाती है। उपनिषदों में ब्रह्म का अत्यंत सुंदर वर्णन मिलता है। कहा गया है, वह इतना विराट है कि मन उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। वह इतना सूक्ष्म है कि परमाणु, अणु और इलेक्ट्रॉन से भी सूक्ष्म है। उसकी व्यापकता और सूक्ष्मता, दोनों ही मनुष्य की सामान्य बुद्धि से परे हैं। वही परम सत्ता प्रत्येक जीव के भीतर प्रकाशमान है। जो उसे अपने से दूर मानता है, उसके लिए वह अत्यंत दूर प्रतीत होता है, किंतु जो उसे अपने हृदय में अनुभव करता है, उसके लिए वह सबसे निकट है। इसलिए ईश्वर की खोज में संसार भर में भटकने की आवश्यकता नहीं। वह हमारे अपने अस्तित्व, हमारी चेतना और हमारे हृदय की गहराइयों में हमेशा विद्यमान है। शास्त्र बताते हैं, परमात्मा को न तो देखा जा सकता है और न ही व्यक्त किया जा सकता है। केवल कर्मकांड, तपस्या या बाहरी आडंबर उसकी प्राप्ति का साधन नहीं बनते। जब किसी सच्चे सद्गुरु के मार्गदर्शन में साधक ज्ञान प्राप्त करता है और श्रद्धा-भक्ति से साधना करता है, तभी उसका मन निर्मल होता है। उसी निर्मल चेतना में वह निराकार परम सत्ता का अनुभव कर पाता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति की सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि उसके भीतर किसी प्रकार का अभाव नहीं रहता। उसका मन संतुष्ट और शांत होता है। वह बाहरी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अपने भीतर ही आनंद का स्रोत खोज लेता है। उसकी इच्छाएं स्वार्थ से नहीं, बल्कि व्यापक कल्याण की भावना से प्रेरित होती हैं। इसलिए उसके संकल्पों में अद्भुत शक्ति होती है और उसके जीवन में सहज सफलता आती है। इसी कारण भारतीय दर्शनों में आत्मज्ञान को मानव जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि माना जाता है। जो व्यक्ति स्वयं को जान लेता है, वही समस्त संसार को सही अर्थों में समझ सकता है। सत्य, साधना और आत्मबोध का यह मार्ग केवल आध्यात्मिक उन्नति का ही नहीं, बल्कि संतुलित, शांत और सार्थक जीवन का भी मार्ग है। अंततः वही मनुष्य वास्तविक विजय प्राप्त करता है, जो सत्य को केवल स्वीकार ही नहीं करता, बल्कि उसे अपने जीवन का आधार बना लेता है।



**सम्पादकीय**

## एसआईआर से अपेक्षा

देश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तीसरे चरण में मंगलवार से दिल्ली, झारखंड, मेघालय और कर्नाटक की मतदाता सूची को दोषरहित बनाने का कार्य शुरू हुआ। यह सुखद है कि इस बार प्रक्रिया की शुरूआत से पहले कोई विवाद खड़ा नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में लगभग 13 हजार बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आगामी 29 जुलाई तक वे घर-घर जाकर नामों का सत्यापन करेंगे और 7 अक्तूबर को अंतिम सूची के प्रकाशन के साथ यहां यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। बीते एक साल में देश के 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब तक छह करोड़ नाम मतदाता सूची से बाहर किए जा चुके हैं। 19 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अभी यह प्रक्रिया चल रही है और कितने नाम अंतिम सूची से बाहर होंगे, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। विडंबना यह है कि आयोग दावे के साथ नहीं कह सकता कि जिन छह करोड़ लोगों के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनमें से जीवित तमाम लोग अपात्र हैं। पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु के हालिया विधानसभा चुनाव में देश ने देखा कि किस तरह एसआईआर के कारण चुनाव नतीजों पर असर पड़ा है और अब आयोग को आला अदालत में अपनी कार्रवाई का औचित्य साबित करना पड़ रहा है।

लोकतंत्र की महानता ही इस बात में है कि वह अंतिम व्यक्ति के मत को प्रथम व्यक्ति के बराबर रखता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने आईन लागू होने के पहले दिन से यह गारंटी अपने हरेक नागरिक को दी। जैसे-जैसे शिक्षा का प्रसार हुआ, लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आई, वैसे-वैसे मतदाता सूची का विस्तार हुआ और मतदान केंद्रों पर वोटरों की भीड़ भी उमड़ती गई। अब तक की तमाम सरकारों, राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग को इसका श्रेय जाता है। इन सबने न सिर्फ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ा, बल्कि उन्हें निर्भीक होकर अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। आज देश की स्त्रियां पुरुषों से ज्यादा वोट करने निकलने लगी हैं, तो यह राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के प्रयासों की ही सफलता है। ऐसे में, जब नाम कट जाने के मामले सामने आते हैं, तो इससे हमारे लोकतंत्र को लेकर एक विरोधाभास पैदा होता है। पश्चिम बंगाल का एसआईआर तो एक धब्बा बन चुका है। आयोग ने पुरानी मतदाता सूची में शामिल लगभग 27 लाख मतदाताओं को वहां विचाराधीन श्रेणी में रखकर विधानसभा चुनाव में मतदान से वंचित कर दिया।

### राष्ट्रीय चेतना का संवाहक: शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

# देश को बदलना है, तो शिक्षा को बदलना होगा



अविनाश राठौर
(दैनिक अवन्तिका)

किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और सामर्थ्य केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं या सैन्य बल से तय नहीं होती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उसकी भावी पीढ़ी अपनी जड़ों से कितनी गहराई से जुड़ी है। स्वाधीनता के पश्चात भारत की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही कि हमने राजनीतिक स्वतंत्रता तो प्राप्त कर ली, परंतु बौद्धिक और वैचारिक स्वतंत्रता की दिशा में कदम नहीं बढ़ाए। मैकालेवादी और औपनिवेशिक मानसिकता के सांचे में ढली शिक्षा व्यवस्था ने देश के युवाओं को अपनी ही गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और भाषाओं के प्रति हीनभावना से भर दिया। इस सांस्कृतिक विरूपण और वैचारिक दासता के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अलख जगाने का महती कार्य 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने किया है। 2 जुलाई न्यास का स्थापना दिवस संपूर्ण देश में 'भारतीय शिक्षा दिवस' के रूप में साप्ताहिक मनाया जाता है, जो वास्तव में शिक्षा जगत में 'स्व' की प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उत्सव है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रवादी विचार-दृष्टि से अनुप्राणित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का उद्भव केवल एक संस्था के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षा के समूचे परिदृश्य को बदलने वाले एक युगांतरकारी आंदोलन के रूप में हुआ। इसका मूल ध्येय वाक्य ही इसकी संपूर्ण कार्ययोजना को रेखांकित करता है– देश को बदलना है, तो शिक्षा को बदलना होगा। न्यास का स्पष्ट मानना है कि शिक्षा केवल आजीविका कमाने का माध्यम या सूचनाओं का पुलिंदा नहीं है; यह तो मनुष्य के भीतर छिपे देवत्व को प्रकट करने और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त उपकरण है।

इस वैचारिक अधिष्ठान की पृष्ठभूमि वास्तव में 'शिक्षा बचाओ आंदोलन' की कोख से तैयार हुई थी। यह वह समय था जब देश की पाठ्यपुस्तकों, विशेषकर इतिहास और सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रमों में, एक सुनियोजित एजेंडे के तहत वामपंथी और भारत-विरोधी विरूपण ठूंसे जा रहे थे। महापुरुषों, संतों और स्वाधीनता सेनानियों के चरित्र को लांछित करने का कुत्सित प्रयास हो रहा था। इसके विरुद्ध न्यास ने देशव्यापी जन-चेतना जागृत की। यह आंदोलन केवल सड़कों या संगोष्ठियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि न्यास ने इसे विधिक तार्किक परिणति तक पहुंचाया। देश के उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबी और तार्किक विधिक लड़ाइयाँ लड़ी गईं। न्यायालयों ने इन विकृतियों को हटाने के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देकर सत्य, राष्ट्रवाद और भारत की सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा की। यह देश के बौद्धिक विमर्श में राष्ट्रवाद की पहली बड़ी रणनीतिक विजय थी।

इस संपूर्ण वैचारिक क्रांति के केंद्र में दो मूर्धन्य मनीषियों का युगद्रष्टा नेतृत्व रहा है। न्यास के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय डॉ. दीनानाथ बत्रा जी प्रखर राष्ट्रभक्त और अद्वितीय संकल्प के धनी थे। उन्होंने मैकाले की शिक्षा पद्धति की चूलें हिलाते हुए अकाट्य तर्कों के साथ अकादमिक जगत को चुनौती दी। उनके संघर्षों का ही परिणाम था कि देश में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से ओतप्रोत चरित्रवान छात्र निर्माण की नींव पड़ी। वहीं, इस आंदोलन को संगठनात्मक रूप से सींचकर देशव्यापी वटवृक्ष बनाने का श्रेय न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी जी को जाता है। डॉ. कोठारी के ओजस्वी नेतृत्व और अद्भुत संगठनात्मक कौशल के कारण ही आज न्यास प्राथमिक विद्यालयों से लेकर देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों तक वैचारिक रीढ़ की तरह काम कर रहा है। देश की वर्तमान 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' में जो भारतीय ज्ञान परंपरा , मातृभाषा में शिक्षा, कौशल विकास और मूल्यपरक शिक्षा के सूत्र दिखाई देते हैं, वे डॉ. अतुल कोठारी जी के दीर्घकालिक वैचारिक विमर्श और पुरुषार्थ की ही परिणति हैं।

न्यास ने अपने कार्यों को केवल सिद्धांतों तक सीमित न रखकर व्यावहारिक धरातल पर क्रियान्वित करने के लिए स्पष्ट विषयों और आयामों को चिन्हित किया है:

भारतीय भाषा मंचः प्राथमिक से लेकर उच्च और तकनीकी शिक्षा तक को मातृभाषा में देने का सशक्त आग्रह, ताकि ज्ञान की अभिव्यक्ति सहज हो सके।

चरित्र निर्माण एवं मूल्यपरक शिक्षाः शिक्षा को नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना, जिससे संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक तैयार हों।

वैदिक गणितः गणना की प्राचीन भारतीय पद्धतियों को आधुनिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर छात्रों का मानसिक विकास तीव्र करना।

पर्यावरण शिक्षाः प्रकृति को उपभोग की वस्तु न मानकर उसके साथ सह-अस्तित्व पर आधारित सनातन जीवन शैली का विकास करना।

इतिहास की भारतीय दृष्टि : साम्राज्यवादी और वामपंथी चश्मे को उतारकर, भारत के वास्तविक पराक्रम और गौरवशाली इतिहास को सामने लाना।

इन विषयों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए न्यास का संगठनात्मक ढांचा विभिन्न कार्य विभागों में विभक्त है। इसके अंतर्गत 'विद्यालयीन शिक्षा विभाग' जहां प्राथमिक स्तर पर संस्कारों की नींव मजबूत कर रहा है, वहीं 'उच्च शिक्षा विभाग' विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान को भारतीय दृष्टि प्रदान कर रहा है। 'तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा विभाग' युवाओं के कौशल को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से जोड़ता है, तो 'प्रकाशन एवं शोध विभाग' प्रामाणिक और राष्ट्रहितैषी साहित्य का सृजन कर अकादमिक जगत को वैचारिक संबल प्रदान कर रहा है।संक्षेप में कहें तो, जुलाई का यह स्थापना दिवस केवल एक तिथि का स्मरण नहीं है, बल्कि यह मैकाले के वैचारिक बंधनों से मुक्ति का शंखनाद है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का यह रथ भारत को पुनः 'विश्व गुरु' के गौरवशाली पद पर आसीन करने के संकल्प के साथ निरंतर गतिमान है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि देश का प्रत्येक शिक्षाविद, शिक्षक और सजग नागरिक शिक्षा के इस सांस्कृतिक महायज्ञ में अपनी वैचारिक आहुति दे, ताकि एक समर्थ, स्वाभिमानी और परम वैभवशाली भारत का निर्माण हो सके।

## जो मर नहीं सकता

नगर के बीचों-बीच एक सुबह खबर फैली कि ईमानदारी मर गई। लोगों को पहले विश्वास नहीं हुआ। क्योंकि ईमानदारी को आखिरी बार किसी ने देखा ही कब था? थानेदार बोला, पहले पहचान तो कर लो कि मरने वाली सचमुच ईमानदारी ही है या कोई और। नेता जी बोले, हमारी पार्टी का इससे कोई संबंध नहीं है। दूसरे नेता बोले, अगर संबंध निकल आया तो पहली पार्टी ज़िम्मेदार होगी। तीसरे नेता बोले, जाँच होनी चाहिए। चौथे नेता बोले, जाँच समिति बनाने के लिए भी एक समिति बननी चाहिए।

नगरपालिका ने लाश उठाने से मना कर दिया। कारण पूछा गया। अधिकारी बोला, ईमानदारी हमारे विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती। लाश सड़क पर पड़ी रही। लोग सेल्फी लेते रहे। कुछ ने श्रद्धांजलि दी। कुछ ने रील बनाई। कुछ ने लिखा, बहुत दुखद। और पोस्ट डालते ही हँसने लगे। व्यापारी बोले, ईमानदारी मर गई तो बाजार पर असर पड़ेगा। मुनीम बोला, नहीं मालिक, हमारे यहाँ तो पहले से स्टॉक खत्म था। एक पत्रकार पहुँचा। उसने पूछा, मृतका का नाम? किसी को पता नहीं था। उम्र? किसी को याद नहीं थी। पता? सबने कहा, बहुत साल पहले इसी शहर में रहती थी। पत्रकार ने ब्रेकिंग न्यूज चला दी। देश को हिला देने वाली खबर! देश नहीं हिला।

हाँ, चैनल का टीआरपी मीटर जरूर हिल गया। पोस्टमार्टम का फैसला हुआ। डॉक्टर ने दस्ताने पहने। फिर उतार दिए। बोला, ईमानदारी को हाथ लगाए बहुत साल हो गए हैं, एलर्जी हो सकती है। रिपोर्ट आई। मौत का कारणः अत्यधिक उपेक्षा। लेकिन मामला यहीं नहीं रुका। एक बुजुर्ग ने दावा किया कि उसने हत्या होते देखी है। भीड़ जमा हो गई। बुजुर्ग बोला, हत्यारे कई थे। कौन? लालच। और? सुविधा। और? समझौता। और? चुप्पी। लोग निराश हो गए। उन्हें किसी एक आदमी का नाम चाहिए था। अपने-अपने नाम नहीं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 जुलाई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - दुतिया 09:38 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - उत्तराषाढा 09:27 उपरांत श्रवण
योग - वैधृति 16:39 विष्कुंभ
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 16 तारिख

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

**मिथुन-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**तुला-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी।

**धनु-** भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**मकर-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी।

**कुंभ-** कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मीन-** किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**समसामयिक**

## विद्यार्थियों की खुशी : शिक्षक की सबसे अमूल्य पूंजी



गोपाल कौशल
(दैनिक अवन्तिका)

शिक्षक का वास्तविक वैभव न उसके पद में छिपा होता है, न सम्मान-पत्रों में और न ही भौतिक उपलब्धियों में। उसकी सबसे अनमोल पूंजी उसके विद्यार्थियों का विश्वास, उनकी निष्कपट खुशी और उनके जीवन में आने वाला सकारात्मक परिवर्तन होता है। जब कोई विद्यार्थी आत्मविश्वास से आगे बढ़ता है और उसके चेहरे पर संतोष की मुस्कान दिखाई देती है, तब वही क्षण एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार बन जाता है।

शिक्षण केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि संस्कार, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का निर्माण करने की सतत प्रक्रिया है। एक शिक्षक अपने प्रेम, धैर्य, करुणा और समर्पण से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को आकार देता है। वह केवल पाठ्यपुस्तकों के अध्याय नहीं पढ़ाता, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है।

बच्चों के साथ बिताया गया प्रत्येक पल शिक्षक के जीवन को नई ऊर्जा देता है। उनकी जिज्ञासाएँ, उनकी सरलता, उनकी छोटी-छोटी सफलताएँ और उनकी निष्कलुष हँसी शिक्षक के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाती हैं। जब कोई विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ाता है, तब शिक्षक को यह अनुभूति होती है कि उसके प्रयास सार्थक हुए हैं।

मेरा विश्वास है कि एक शिक्षक की सफलता इस बात से नहीं आँकी जानी चाहिए कि उसने कितने पुरस्कार प्राप्त किए, बल्कि इस बात से कि उसने कितने विद्यार्थियों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और अच्छे संस्कारों का दीप जलाया। विद्यार्थियों की मुस्कान ही वह अमूल्य धरोहर है, जो किसी भी सम्मान या पुरस्कार से कहीं अधिक मूल्यवान होती है।

अंततः, एक शिक्षक का सबसे बड़ा सुख अपने विद्यार्थियों की प्रगति में अपनी उपलब्धि देखना, उनकी खुशियों में अपनी खुशी अनुभव करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में निरंतर योगदान देना है। वास्तव में, विद्यार्थियों की मुस्कान ही एक शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी, सबसे बड़ा सम्मान और उसके जीवन की सबसे सुंदर उपलब्धि है।

### वक्त और रिश्ते...!



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

सुबह की नरम धूप जब आँगन में उतरती है,
चिड़ियों की चहचहाहट मन को छूकर गुजरती है।
एक प्याली चाय के साथ ख्याल यह आता है,
ज़िंदगी को हर पल क्यों? गंभीर बनाया जाता है।
यहाँ हर एक चेहरे पर मुस्कान सजी होती है,
वहाँ पर हर मुस्कान में सच्चाई मन में ही रोती है।
कुछ लोग मिल लेते हैं बस पथरीली राहों में,
पर उनके इरादों की गहराई नहीं होती निगाहों में।
हर किसी को दिल से लगाना जरूरी तो नहीं,
यहाँ हर बात को दिल पे लेना भी जरूरी तो नहीं।
कुछ रिश्ते वक्त के साथ चलने के लिए होते हैं,
हर एक रिश्ते उम्रभर निभाने के लिए नहीं होते हैं।

# रिमझिम बारिश के साथ रखे सेहत का ख्याल

बारिश का मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। यही वो मौसम होता है जब व्यक्ति की इम्यूनिटी कमजोर पड़ने लगती है। ऐसे में सेहतमंद बने रहने के लिए लोग मानसून के दौरान अपनी डाइट में ऐसी चीजें शामिल करना पसंद करते हैं, जिन्हें खाने से उनकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सके। ऐसी ही एक चीज का नाम है खजूर का हलवा। खजूर का हलवा न सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी होता है बल्कि आपकी सेहत का भी खास ख्याल रखता है। खजूर फाइबर, आयरन, कैल्शियम, विटामिन और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं, जो पेट की समस्या से लेकर कब्ज, ब्लड प्रेशर,थकान में भी राहत देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सेहतमंद बने रहने के साथ इस डेजर्ट का मजा लेना चाहते हैं तो ट्राई करें खजूर का हलवा।



**खजूर का हलवा बनाने के लिए सामग्री-**

- 200 ग्राम खजूर
- 1 कप दूध
- 1 1/2 कप पाउडर चीनी
- 1/4 कप घी
- 100 ग्राम काजू
- 1/4 टी स्पून इलायची पाउडर

**खजूर का हलवा बनाने का तरीका-**

खजूर का हलवा बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में दूध और खजूर डालकर उबाल लें। इसके बाद आंच को कम करके दूध को गाढ़ा होने तक पकाएं। अब इसमें घी में फ्राई किए हुए काजू डालें। जब खजूर का ये दूध गाढ़ा होने लगे तो इसमें चीनी, घी और काजू डालें। जब खजूर वाला दूध सूखकर पैन के किनारे से चिकनाई छोड़ने लगे, तो इसमें इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब एक बर्तन पर घी लगाकर यह मिक्सचर उसमें डालकर सेट होने के लिए रख दें। मिक्सचर ठंडा होने के बाद अपनी पसंदीदा शेप में काटकर सर्व करें।

**धर्म-आस्था**

# परभाती की राम -राम संग्रह मालवी बोली के हित में



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

परभाती की राम -राम संग्रह में (नारायणी माया) माया मालवेंद्र बदेका जी ने मालवी बोली में कही-बड़ी -बड़ी रचना को भोत मेहत्व होय पण नानी-नानी ,छोटी- छोटी वांता भी भोत असर करे है ` नानी -नानी सी वात से एक छोटी सी कोसिस है अपणी मालवी बोली के आगे बरसो तक पेचान रखने में आगे बढ़ावा की। वही मुकेश इंदौरी ने संपादकीय पृष्ठभूमि कुछ यू मालवी बोली के पक्ष में लिखी -मालवी बोली के बचाणे सारू तन-मन-धन से कतराई वर ती (बरसों से ) लगी है। वा मालवी के वास्ते ज जीवी री है। हर घडी इनी चिंता में ज लगी रेवे कईतर मालवी बोली के बचावां` उनकी उनकी या तपस्या,साधना एक दण जरूर फलेगा ने मालवी बचेगा बहुत अच्छी कामना करीं`डॉ विकास दवे ने माया जीजी के लिए जो काव्य पंक्तिया लिखी वो उनके जीवन का सार है - भोर के राग सी कोमल परभातियाँ और गंगाजल सी निश्छल मेरी माया जीजी। प्रभातियाँ मालवी बोली के उन्नयन का कार्य है एवं उसके संरक्षण के लिए किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण विषय है। दवे जी के माया जीजी के पक्ष में जो लिखा वो स्तुतेय है। प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने शुभकामना संदेश में बड़ी अनमोल बात माया जी लिए कही -नए मीडिया के जरिये उन्होंने मालवा के घर -आँगन में प्रचलित परभाती की परम्परा को लेकर काव्यात्मक नवाचार किया है परभाती की संख्या 310 है। राम-राम सा से शुरू होने वाली सभी परभाती मालवी बोली का सत्कार लिए अपनी बात विभिन्न विषयों को लेकर प्रेरणा देती है। राम- राम सा .. सांचा गुरु जो मिले,तो जीवन सफल होय।

सतकरम की सीख दे,संत गुरु ज्ञानी कोय
राम -राम सा ...कदी -कदी तो सुणो राम जी, माथा पे राखो हाथ
जग में वैर नई होवे मिली जुली सब रे वे साथ
` राम -राम सा .... धरती बैठ्या पामणा ,कदी नी विसराय
मखाल गलीचे बेठाडो ,वी घणा इतराय
राम -राम सा ... चंदा ने चाँदणीया आखी रात नैण खुला रया सखी हुई नेणा से वात
चकोर बोले कदी नी जोया करे जी मुख
दूरा ती निरखी -निरखी पावे अनुपम सुख
ऐसी कई सुंदर परभाती संग्रह में समाहित है

ये परभाती आने वाली पीढ़ी को मालवी बोली,संस्कृति, सभ्यता के संस्कार देगी। परभातियाँ को देखे तो मुखड़ा कही -कही गीत की और इशारा करते है यदि अंतरा मालवी में होता तो ये सम्पूर्ण गीत कही कही बनता नजर आता। उल्लेखनीय है की आने वाली मालवी बोली की फिल्म में माया जीजी के गीत है जो बड़े परदे पर आने वाले समय में सुनेगे और देखेंगे।

मालवी कवित्री का नाम साहित्य क्षेत्र में मालवी बोली की साहित्य की विधा में मधुर व्यवहार से अपनी अलग पहचान बना चूका है । मिलनसार व्यक्तित्व से साहित्य कृतियों को उपहार स्वरूप देकर,मीठी वाणी से मालवा की मिठास का और भी मान बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है । आपकी मालवी बोली की सतत साहित्य सेवा के लिए हार्दिक बधाईअपनी बात को इस तरह से कहती है कि उससे संग्रह की पठनीयता की गहराई में साहित्य उपासक जाकर विचारों के मंथन से खुबिया,प्रेरणादायक शब्दों को परख कर को और भी बेहतर बनाने का कार्य माया मालवेन्द्र बदेका द्धारा किया है। प्रशंसनीय है।मालवी बोली की वरिष्ठ साहित्यकार नारायणी माया मालवेंद्र बदेका का मालवी रचनाओं का संग्रह लोकभाषा के आधार को मजबूत करता ही है साथ संग्रह मन में भी मिठास घोल देता है। मालवी बोली की तासीर का असर है। मीठी बोली ऐसी की मानों शहद घुली हो बोलियों को बचाने में ये अंक महत्व पूर्ण भूमिका अदा करता है। माया मालवेंद्र बदेका बातचीत की सादगी उनकी रचनाओं में झलकती है। झलक निगम सांस्कृतिक न्यास उज्जैन प्रकाशक ने एक नई छाप छोड़ी है। परभाती की राम -राम संकलन मालवी बोली के हित में अपना परचम अवश्य लहराएगा। यही शुभकामनाएं है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2992, चना देशी- 3561-6062, डालर चना- 4001-8370, मूंग- 5000-7270, सोयाबीन- 2450-10011, धनिया- 11941, मटर- 2800-3011, मसूर- 4000,मसूर- 4000, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,42,400 रवा- 1,42,100 चांदी- टंच- 2,26,500 पाट- 2,26,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## जल संरक्षण जन-जन की जिम्मेदारी जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश शासन एवं जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह ग्राम पिपलिया नगर में मंगलवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने वर्षा जल संचयन और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीआरएस राणा ने अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी, जबकि विकासखंड समन्वयक धनसिंह धनगर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया, अतिथियों का सम्मान किया गया तथा पौधरोपण भी किया गया। समारोह में सरपंच प्रेम नारायण मीणा सहित जन अभियान परिषद, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुनिश्री निर्णय सागर का भव्य नगर प्रवेश आचार्य विद्यासागर का दीक्षा दिवस मनाया



**शुजालपुर।** धर्मनगरी शुजालपुर में मंगलवार को मुनिश्री 108 निर्णय सागर महाराज एवं छुल्लक श्री 105 तत्व सागर महाराज का भव्य नगर प्रवेश श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कराया गया। ब्रजनगर मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मिर्ची बाजार स्थित विद्या वाटिका दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। नगर प्रवेश में समाजए बालिका मंडल, बहू मंडल, नवयुग मंडल, मुनि सेवा समिति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ब्रजनगर से विद्या वाटिका के मार्ग पर कई स्थानों पर रंगोली बनाकर मुनिश्री का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज का दीक्षा दिवस मुनिश्री निर्णय सागर महाराज के सानिध्य में पूजन-अर्चना के साथ मनाया गया। इसके बाद मुनिश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान का अभिषेक एवं पूजन करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और जीवन मंगलमय बनता है। कार्यक्रम की जानकारी ट्रस्ट के महामंत्री सुनील जैन ने दी।

## सहकारी सप्ताह का भव्य शुभारंभ, कलेक्टर ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**शाजापुर।** जिले में सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने और किसानों को योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से 29 जून से 06 जुलाई तक मनाए जाने वाले सहकारी सप्ताह का शुभारंभ जिला मुख्यालय से किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर की प्रशासक ऋजु बाफना ने सहकारी जन जागरण वाहन (प्रचार रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के ग्रामीण अंचलों में घूमकर लोगों को सहकारिता के प्रति जागरूक करेगा। उप आयुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता ने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत सहकारी ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद वहां मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सहकारी गीत का गायन किया और सहकारिता के सिद्धांतों पर चलने की शपथ ग्रहण की। इस मौके को यादगार बनाने के लिए परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में बैंक की महाप्रबंधक कोमल डहाके सहित बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप पुलिस ने दर्ज किया मामला

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर पीछा कर परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फ रियादिया ने रिपोर्ट में बताया कि उसने करीब चार-पांच वर्ष पहले नान्याखेड़ी निवासी दीपक मीणा को मुंहबोला भाई बनाया था। आरोप है कि बाद में युवक उस पर गलत नजर रखने लगा और बातचीत बंद करने के बाद उसका पीछा कर बात करने का दबाव बनाने लगा। शिकायत में बताया गया कि 15 जून की रात आरोपी उसके घर के बाहर पहुंचकर हॉर्न बजाने व शोर-शराबा करने लगा। वहीं 28 जून की शाम टेम्पो चौराहा क्षेत्र में आरोपी ने उसका रास्ता रोक लिया। महिला के पति के मौके पर पहुंचने पर आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर सेल और थाना पुलिस के संयुक्त प्रयास से मिली सफलता

# पुलिस ने 27 लाख के 179 गुमशुदा मोबाइल खोजकर मालिकों को लौटाए

- महज 24 घंटे में ढूंढ निकाला 45 हजार का आईफोन-13

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

तकनीक का सही इस्तेमाल और पुलिस की मुस्तैदी मिल जाए, तो खोई हुई उम्मीदें भी कैसे वापस लौट आती हैं, इसका ताजा उदाहरण शाजापुर पुलिस ने पेश किया है। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में जिला पुलिस और साइबर टीम ने एक विशेष अभियान चलाकर देश-प्रदेश के विभिन्न कोनों से 179 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। बरामद किए गए इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 27 लाख आंकी गई है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जब इन मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया, तो कई दिनों से अपना फोन खो चुके नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी।

इस पूरे अभियान में केंद्र सरकार के केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर पोर्टल की बेहद अहम भूमिका रही। कुल बरामद मोबाइलों में से 117 मोबाइल इसी पोर्टल की मदद से ट्रेस किए गए, जबकि 62 मोबाइल थाना पुलिस की ग्राउंड ट्रेसिंग से मिले। शाजापुर पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायतों पर तकनीकी विश्लेषण एवं निरंतर प्रयास करते हुए विभिन्न जिलों एवं राज्यों से ये गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस किए गए। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपे गए। तत्परता का एक बड़ा उदाहरण शुजालपुर थाने में देखने को मिला, जहां 21 जून 2026 को एक आवेदक का करीब 45,000 कीमत का आईफोन 13 गुम हो गया था। साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर इस कीमती फोन को ढूंढ निकाला और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मालिक के सुपुर्द कर दिया। यह उदाहरण दर्शाता है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने से मोबाइल शीघ्र बरामद होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।



**पुलिस अधीक्षक की अपील सेफ क्लिक 2.0 से बनें जागरूक**

मोबाइल वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने कहा कि शाजापुर पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या साइबर अपराध होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल अथवा निकटतम पुलिस थाना में सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने आमजन को शाजापुर पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने एवं डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने का संदेश भी दिया।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में साइबर सेल शाजापुर के प्रभारी प्र.आर. 641 विकास तिवारी, आरक्षक अनिल सक्सेना, राजेश दांगी, घनश्याम राजपूत एवं रोहित बिलावलिया की तकनीकी सूझबूझ और कड़े परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शाजापुर पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और किसी भी साइबर अपराध की सूचना तुरंत 1930 पर दें। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल, ओटीपी या मैसेज पर विश्वास न करें तथा साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी के लिए अपने निकटतम पुलिस थाना या साइबर सेल से संपर्क करें।

### आगर में तेज बारिश से जलभराव बड़ौद रोड चौराहा तालाब बना

# उज्जैन रोड पर जलभराव में फँसी बोलेरो, खरीफ फसलों को फायदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा जिले में बुधवार शाम करीब 3:15 बजे हुई एक घंटे की तेज बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। झमाझम बारिश के कारण छावनी क्षेत्र, बड़ौद रोड चौराहा और उज्जैन रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर भारी जलभराव हो गया। दोपहर में हल्की बूंदाबांदी के बाद शुरू हुई इस तेज बारिश से बड़ौद रोड चौराहा पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गया।

बड़ौद चौराहे के पास स्थित उद्योग गली में लगभग एक फीट तक पानी जमा हो गया, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हुआ। इसी दौरान उज्जैन रोड पर जलभराव के कारण एक बोलेरो वाहन बीच सड़क पर फंस गया, जिसे स्थानीय लोगों ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला। नालियां ओवरफ्लो होने से पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

तेज बारिश के बाद पिछले कई दिनों से जारी उमस और गर्मी का दौर थम गया। तापमान में गिरावट आने और शाम को ठंडी हवाएं चलने से शहर का मौसम सुहावना हो गया। बारिश रुकने के बाद लोग मौसम का लुत्फ उठाने के लिए घरों से बाहर निकले।



**मौसम विभाग ने जताई अच्छी बारिश की संभावना**

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में आगर मालवा जिले में अच्छी बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग की इस संभावना से किसानों में अच्छी फसल की उम्मीद जगी है, वहीं शहरवासियों को गर्मी से आगे भी राहत मिलने के आसार हैं।

यह बारिश जिले के किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। आगर मालवा में खरीफ फसलों की बोवनी पहले ही शुरू हो चुकी है और इस बारिश से खेतों को जरूरी नमी मिल गई है। किसानों के अनुसार, यदि अगले कुछ दिनों तक मानसून इसी तरह सक्रिय रहा, तो सोयाबीन और मक्का सहित अन्य फसलों की बोवनी समय पर पूरी हो जाएगी।

## नाले में स्कूटर सहित गिरीं दो छात्राएं, लोगों ने सुरक्षित निकाला

**देवास।** देवास में गत दिनों दोपहर करीब 2 बजे हुई तेज बारिश के दौरान बड़ा हादसा टल गया। सूतार बाखल सब्जी मंडी चौराहे पर पानी से भरे नाले में दो बालिकाएं स्कूटर सहित गिर गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### सफाई व्यवस्था बेपटरी, 4 दिन से नहीं आई कचरा गाड़ी

# गुस्साए लोगों ने सड़क पर कचरा डाल कर किया नगरपालिका के खिलाफ प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर को स्वच्छ रखने का दम भरने वाली नगर पालिका की लचर कार्यप्रणाली से जनता का धैर्य अब जवाब देने लगा है। वार्डों में नियमित सफाई और कचरा उठाव न होने से परेशान आजाद चौक क्षेत्र के रहवासियों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। नपा की अनदेखी से खफा लोगों ने विरोध जताने का अनोखा लेकिन सख्त तरीका अपनाया और सड़क पर ही कचरा डालकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद चौक वार्ड क्रमांक 9 के रहवासी लामबंद होकर सड़क पर उतर आए।

लोगों का सीधा आरोप है कि पिछले चार दिनों से उनके क्षेत्र में कचरा संग्रहण वाहन पहुंचा ही नहीं है। इसके चलते घरों में कचरा जमा हो गया है और उससे उठने वाली दुर्गंध से घर में रहना तक मुश्किल हो गया है। इसी अव्यवस्था से तंग आकर उन्होंने सड़क पर कचरा फेंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया और नियमित कचरा संग्रहण की मांग की।

**शिकायतों पर नहीं हुआ कोई असर**

स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या सिर्फ कचरा वाहन न आने तक सीमित नहीं है। वार्ड में नालियों की सफाई भी लंबे समय से ठप पड़ी है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी का अंबार लग गया है और बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इस बदतर स्थिति को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदारों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

## दिव्यांगजनों को बसो के किराये में 50प्रतिशत छूट देने का आदेश बस मालिकों तक नहीं पहुंचा-कांग्रेस

**देवास।** राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग जनों को किराए में 50 प्रतिशत छूट देने का निर्देश दिया है दिव्यांग जनों को यू डी आई डी कार्ड दिखाने पर यह छूट दी जाएगी परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम अधिकारी के प्रमाण पत्र के रूप में केंद्री एवं राज्य सरकार के द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आय डी प्रॉजेक्ट चलाया जा रहा है प्रदेश में भोपाल सहित प्रदेश भर में चलने वाली बसों में सफर के दौरान यह छूट मिलेगी इसके लिए दिव्यांग जनों को कार्ड दिखाना अनिवार्य किया गया है। इस योजना से प्रदेश के साढ़े 15 लाख से ज्यादा दिव्यांग जनों को योजना का लाभ मिलेगा ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मुकेश जैन ने सभी आरटीओ ,डीटीओ को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं । दिव्यांगजन द्वारा यू डी आईडी कार्ड दिखाने के बाद किराए में छूट देने में बहाने बाजी करने पर उस बस का परमिट रद्द कर दिया जाएगा। इस संदर्भ में कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने बताया कि दिव्यांग जनों को छूट देने संबंधी आदेश तो जारी हुआ है लेकिन वह अभी तक बस मालिकों तक नहीं पहुंचा है।

## विधायक भीमावद ने आश्रम विकास के लिए दिए 20 लाख



**शाजापुर।** दुपाड़ा रोड स्थित कबीर आश्रम में संत कबीरदास के प्रकटोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक अरुण भीमावद ने शिरकत कर श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम में टिन शेड निर्माण हेतु अपनी विधायक निधि से 20 लाख देने की घोषणा की। विधायक ने कबीर जी के मानवता और समरसता के संदेश को आत्मसात कर जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल धानुक, दिनेश सौराष्ट्रीय, छगनलाल सौराष्ट्रीय, राजाराम सहित कई वरिष्ठजन व बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा परिवार की बातें नहीं मानने और विपरित कार्य करना आदि के कारण परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के कारण किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक द्वारा मेरे पुत्र देवेन्द्र श्रीवास्तव से कोई भी संव्यवहार किया जाता है या ऋण दिया जाता है तो उक्त जवाबदारी मेरी नहीं रहेगी। इस जाहिर सूचना प्रकाशन कर सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र से किया गया कोई भी संव्यवहार मेरे मुकाबले शुन्य रहेगा और मुझसे किसी भी प्रकार की कोई मांग की गई तो उसकी जबावदार मैं नहीं रहूंगी। मेरे पुत्र से किये गये लेन-देन के प्रति संबंधित ही जिम्मेदार रहेंगे। सूचित हो। इति दिनांक-2/7/ 2026

**रीना श्रीवास्तव पति स्व. श्री अवधेश श्रीवास्तव**
**निवासी-सी-42, मोहन नगर, आगर रोड़, उज्जैन**
**मोबा. 9522406242**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड / भवन म्यु. क्रमांक 3 एवं 4 उत्तर दिशा का भाग होकर तवडी रामघाट मार्ग तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे खुली भुमि, पश्चिम मे शेष भाग, उत्तर मे- खुली भुमि, दक्षिण मे रोहित कहार का मकान स्थित है। उक्त सम्पत्ति शमा बी, अकिला बी, एवं शबाना बी पुत्रीगण हिसाबुद्दिन एवं साकीर उद्दीन पिता हिसाबुद्दिन को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा शमा बी आदि ने अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 65/7PT/2025 दिनांक 17/03/2025 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा शमा बी आदि ने उक्त संपत्ति मे से उत्तर दिशा के भाग को विक्रय करने का अनुबंध मोहनबाई पति दिलीप से किया है तथा मोहन बाई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रंमाक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा**
**फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01. श्री जगदीश पिता श्री देवाजी, 02. श्री अंतरसिंह पिता श्री देवाजी, 03. श्री लालसिंह पिता श्री देवाजी, 04. कलाबाई पिता श्री देवाजी, निवासीगण-ग्राम चंदुखेडी जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-493 रकबा 0.10 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-494 रकबा 0.63 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-500 रकबा 0.24 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.97 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम आकासोदा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। जिसके पूर्व दिशा में :- रास्ता, पश्चिम दिशा में ::- अभिजीत पिता श्री दुलेसिंह की भूमि, उत्तर दिशा में :- रतन चौधरी पिता श्री सिद्ध जी की भूमि, दक्षिण दिशा में :- रास्ता हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंध किग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सो सूचित हो । इति दिनांक-01.07.2026

**सोनू प्रजापत (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय-बी-18, डिवाईन वैली, देवास रोड़, उज्जैन**
**संपर्क-89622-40939**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भारत मित्तल पिता श्री अवन्तिलालजी मित्तल निवासी 19, उत्तम नगर हीरामील रोड़ उज्जैन के स्वामित्व का गृह क. 100 का दक्षिण दिशा का भाग स्थित तिलक मार्ग नई सड़क उज्जैन के विभाजन पत्र दिनांक 07.12.2016 को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने के लिये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा गोयल नगर इन्दौर में आवेदन किया है।

उक्त संपत्ति गृह क. 100 का दक्षिण दिशा का भाग श्री भारत मित्तल को उनके पिता श्री अवन्तिलाल मित्तल पिता मदनलालजी मित्तल से अपंजीकृत वसीयत दिनांक 25.06.1994 जो 10/- रुपए के स्टॉम्प पर टंकित है के आधार पर प्राप्त हुई है।

यदि उक्त संपत्ति गृह क. 100 का दक्षिण दिशा का भाग स्थित तिलक मार्ग नई सड़क उज्जैन के यदि कोई अदृश्य स्वामी हो, संपत्ति के संबध में किसी व्यक्ति का कोई हित स्वत्व हो संपत्ति किसी वित्तीय एंजेन्सी या निजी ऋण दाता के पक्ष में बंधक हो या किसी प्रकार का अनुबंध, मुख्त्यारनामा या उक्त संपत्ति के संबध में किसी प्रकार का न्यायीक या पारिवारिक विवाद हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति करें अन्यथा बैंक उक्त ऋण को स्वीकृत करने हेतु अग्रसर होगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 01/07/2026

**अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर जिला-उज्जैन**
**मो.न. 9424070281**

## जाहिर सूचना/सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण एवं आमजन को एतद्वारा विधिवत सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी धनकुंवर पति जितेन्द्रसिंह राजावत जाति राजपूत निवासी ग्राम बंग्रेड तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्वाधीन कृषि भूमि स्थित ग्राम बिरगोदानाथू तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.), सर्वे क्रमांक 165/3/2/1 रकबा 0.67 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 164/1/1/2 रकबा 0.53 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 164/2 रकबा 0.37 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 165/7 रकबा 0.30 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 165/3/2/2 रकबा 0.44 हेक्टेयर, कुल किता 04 कुल रकबा 2.24 हेक्टेयर मेसे रकबा 1.80 हेक्टेयर को क्रय करने हेतु विधिवत विक्रय सौदा तय किया गया है। उक्त सौदे के अंतर्गत निर्धारित विक्रय मूल्य में से बयाना राशि विक्रेता द्वारा साक्षियों की उपस्थिति में प्राप्त कर ली गई है तथा शेष विक्रय मूल्य प्राप्त होने पर विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उक्त भूमि / संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी का किसी प्रकार का ऋणभार, बंधक, हक, दावा, स्वत्व, भागीदारी, कब्जा, कर्जा, विक्रय अनुबंध, उत्तराधिकार संबंधी दावा अथवा किसी न्यायालय / प्राधिकरण में कोई वाद, प्रकरण, स्थगन आदेश या अन्य कोई विवाद विचाराधीन हो, तो संबंधित व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त मूल एवं प्रमाणित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उसका विधिसम्मत निराकरण किया जा सके।

निर्धारित समयावधि में कोई दावा / आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पूर्णतः निर्विवाद एवं समस्त प्रकार के भारों से मुक्त है तथा तत्पश्चात प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा मेरे पक्षकार के विरुद्ध मान्य एवं बाध्यकारी नहीं होगा तथा ऐसी आपत्ति शून्यवत एवं अवैध मानी जाएगी। इति दिनांक : 02/07/2026

**अर्जुन राठौड़ (पटेल) अभिभाषक**
**कार्यालय : कोर्ट परिसर, बड़नगर**
**जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाइल नं. : 7000749457**

## सौदा निरस्तीकरण जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण 1. श्रीमती नर्मदा कुंवर पति श्री रघुवीरसिंह पंवार, 2. छतरसिंह पंवार पिता श्री रामसिंह पंवार, निवासीगण- ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने-अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका सर्वे क्रं. 1722/2 रकबा 0.35 हे., सर्वे नंबर 1723/3 रकबा 0.65 हे., सर्वे नंबर 1729 रकबा 0.2500 हे. कुल किता 3 कुल रकबा 1.2500 हे. स्थित ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकारगण के द्वारा क्रेता सूचित गोयल पिता श्री सत्यनारायण गोयल, निवासी-8, रामप्रसाद भार्गव मार्ग, बुधवारिया, उज्जैन म.प्र. से दिनांक 12/06/2024 को किया जाकर बयाना राशि प्राप्त कर विक्रय अनुबंध पत्र का संपादन करवाया गया था तथा शेष राशि विक्रय पत्र के समय अदा कर क्रेता के द्वारा स्वयं के हित में विक्रय अनुबंध पत्र का संपादन व निष्पादन करवाया जाना था लेकिन क्रेता सूचित गोयल के द्वारा उक्त कृषि भूमि का अनुबंध पत्र निर्धारित समयावधि में स्वयं के हित में संपादित व निष्पादित नहीं करवाया गया है तथा न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया है। इस कारण अब मेरे पक्षकार के द्वारा अपनी उक्त कृषि भूमि का विक्रय सौदा निरस्त कर दिया गया है तथा बयाना पेटे दी गई राशि भी अनुबंध की शर्त अनुसार फारफिट (जप्त) कर उक्त सौदा निरस्त कर दिया गया है। जिस संबंध में एक सूचना पत्र भी क्रेता को प्रेषित किया गया है लेकिन उक्त सूचना पत्र का कोई जवाब क्रेता के द्वारा मेरे पक्षकारगण को नहीं दिया गया है। अब मेरा पक्षकारगण अपने स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रं. सर्वे क्रं. 1722/2 रकबा 0.35 हे., सर्वे नंबर 1723/3 रकबा 0.65 हे., सर्वे नंबर 1729 रकबा 0.2500 हे. को अन्यत्र विक्रय करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। सूचित हो। इति दिनांक : 01/07/2026

**जगदीश नागर, एडवोकेट**
**निवास-202, द्वारकामाई टॉवर फ्रीगंज,**
**उज्जैन म.प्र. मोबा-9826447509**

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

**विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010**
**सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र आवासीय योजना के अंतर्गत भवन / भूखण्ड क्र. ए-11/8 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. श्रीमती मीना सांखला पति श्री राजेश जी निवासी - ए-11/8 महाकाल वाणिज्यिक केंद्र उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर आवंटित है।

इनके द्वारा अपनी उक्त सम्पत्ति का भूस्वामी अधिकार कराया जा रहा है जिसमें इनके द्वारा जो दस्तावेज आधार कार्ड, एवं पेन कार्ड इत्यादि संलग्न कार्यालय में प्रस्तुत किए गए हैं उनमें प्रमिला सांखला पति श्री राजेश सांखला परिवर्तित नाम इंद्राज है।

आवंटी के द्वारा उक्त सम्पति के फ्री होल्ड हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति को भूस्वामी अधिकार किये जाने हेतु निवेदन किया है।

श्रीमती मीना सांखला पति श्री राजेश जी द्वारा अपने नाम में परिवर्तन हेतु राजपत्र दिनांक 13.03.2026 भाग 3 (1) (जी-2059) के आधार पर प्रमिला सांखला पति श्री राजेश सांखला पिता श्री ईश्वरीप्रसाद सांखला करवा लिया गया है।

उक्त आवंटन श्रीमती मीना सांखला पति श्री राजेश जी के नाम से था। मध्य प्रदेश राजपत्र (Gazette Notification) के अनुसार उक्त नाम के स्थान पर प्रमिला सांखला पति श्री राजेश सांखला के नाम से पढा एवं समझा जाए।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/ वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन / मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**



## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा ब्यावरा का शपथ विधि समारोह

**ब्यावरा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा ब्यावरा का शपथ विधि समारोह प्रांतिय पदाधिकारियों द्वारा संपन्न करवाया गया। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष और शपथ विधि अधिकारी श्रीमती संतोष सोडानी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी माहेश्वरी, प्रांतीय सहकोषाध्यक्ष श्रीमती पिंकी जैन उपस्थित रहे। वही विशेष अतिथि के रूप में ब्यावरा ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी उपस्थिति रही। सरस्वती पूजन एवं गणेश वंदना की गई। सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ अतिथियों का स्वागत, सत्कार किया गया। प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा ब्यावरा शाखा के पदाधिकारीगण प्रांतीय पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख श्रीमती सरिता अग्रवाल, अध्यक्ष सुश्री सुनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती मोना जैन, सचिव श्रीमती एकता मित्तल, कोषाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा बिंदल सहित सभी प्रकल्प प्रमुखों को शपथ दिलवाई गई। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में ज्यादा से ज्यादा समाज सेवा और अच्छे कार्य करने की बात कही, संस्कारों को और ज्यादा मजबूत बनाना है इस पर जोर दिया गया। पर्यावरण सुरक्षा के लिए बच्चों द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत की, सेवा गतिविधि के अंतर्गत एक निर्धन कामकाजी महिला का स्वागत व सत्कार साड़ी द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैंड केप वेअरिंग सेरेमनी का आयोजन



**महिदपुर।** छात्रो के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध संत जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गरिमामय वातावरण में बैंड केप वेअरिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में टी.आई., महिदपुर अशोक पाटीदार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। इसके पश्चात संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, उपप्रबंधक फादर सजी ने पुष्पगुच्छ के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया । इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं प्रबंधक एवं प्राचार्य ने छात्रों को ससम्मान बेंड केप पहनाई। इसके पश्चात विद्यालय के बैंड दल ने अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट तालमेल का साहसिक प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि अशोक पाटीदार (टी.आई., महिदपुर) ने विद्यार्थियों की अनुशासनप्रियता एवं विद्यालय घोष दल की शानदार प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन और संस्कार ही जीवन में सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने उपस्थित अभिभावक विद्यार्थियों को साइबर अपराध,सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, घटना या ऑनलाइन धोखाधड़ी की जानकारी तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा पुलिस को दें एवं 1930 पर कम्प्लेन करे तथा कानून का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनें। संस्था प्रबंधक ने घोष प्रशिक्षक जोसेफ को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। कक्षा आठवीं के छात्र क्रिस्टी थॉमस ने मुख्य अतिथि, प्रबंधक, प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## प्रधानाध्यापक सूर्यवंशी हुए सेवानिवृत कार्यक्रम में दी भाव भीनी विदाई

**महिदपुर रोड।** शासकीय कन्या हाई स्कूल महिदपुर रोड में प्रधाना ध्यापक विमल सूर्यवंशी के सेवा निवृत होने पर साथियों ने कार्यक्रम आयोजित कर उनके कार्य व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उनका सम्मान करते हुए भावभीनी बिदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य एस एन बामनिया,विशेष अतिथि के रूप में जनशिक्षक मोहनलाल चंद्रवंशी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अनिल सेठिया ने की कार्य क्रम के मुख्य अतिथि बामनिया ने विमल सूर्यवंशी के कार्य व्यवहार की प्रशंसा की अतिथियों ने सूर्यवंशी को शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया शिक्षिका नीना देवड़ा, चंद्रकांता चवरासिया, स्नेह लता शर्मा, गोपाल तंवर,बापू लाल चंद्रवंशी, शंकेश चोरड़िया,अभिषेक गंगवाल, पिंकी भटनागर, विनीता बरसेना,कालूराम वाघेला,सूरज पोरवाल,वैभव सूर्यवंशी,गुमानसिंह मॉल,निशा जाट,चंचल राठौड़ आदि ने किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम राय ने किया आभार बापू लाल चंद्रवंशी ने माना।

## मुख्यमंत्री का भैंसवामाता मंदिर में विधि-विधान से की माता की पूजा-अर्चना



**ब्यावरा-राजगढ़ ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भैंसवामाता मंदिर पहुंचने पर उनका पारंपरिक एवं भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के प्रवेश द्वार पर आदिवासी नृत्य दल ने पूरे उत्साह, उमंग और जोश के साथ अपनी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया वहीं नन्हीं बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भैंसवामाता एवं माता बिजासन के दर्शन किए मुख्यमंत्री ने भैंसवामाता मंदिर के प्रस्तावित स्वरूप का अवलोकन किया तथा मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भैंसावामाता आगमन पर हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया।

एसपी के आदेश का नहीं हुआ पालन

# सुसनेर थाने से ट्रांसफर हुए पुलिसकर्मी अब तक नहीं हुए कार्यमुक्त,चर्चाओं का बाजार गर्म

### थाना प्रभारी के अनुसार जिलें के किसी भी थाने से नहीं हुए पुलिस अधिकारी कर्मचारी रिलिव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जिला पुलिस अधीक्षक आगर-मालवा दिलीप कुमार सोनी द्वारा जारी किए गए पुलिस तबादला आदेश के बाद भी जमीनी स्तर पर इसका पालन होता नजर नहीं आ रहा है। एसपी कार्यालय से ट्रांसफर की बड़ी सूची जारी हुए लगभग 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सुसनेर थाने से बदले गए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अब तक रवानगी (रिलीव) नहीं दी गई है।

पुलिस अधीक्षक के सख्त निदेर्शों के बाद भी पुलिसकर्मियों का पुराना थाना न छोड़ना अब पुलिस महकमे के साथ-साथ आम जनता के बीच भी गहरी चर्चा का विषय बन गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उनका जवाब भी चौकाने वाला था। थाना प्रभारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी सूची में जिले में कही भी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को दूसरे थाने के लिए रिलिव नहीं किया गया है। जब उनसे पूछा गया कि पुलिस अधीक्षक ने तत्काल रिलिव का आदेश जारी किया था तो उन्होंने कहा कि ऐसा तो आर्डर में लिखा जाता ही है। किंतु व्यवस्थाऐं भी तो देखना पडती है।

एसपी कार्यालय आगर के द्वारा जारी आदेश में साफ तौर पर लिखा गया था कि सभी थाना प्रभारी अपने यहां से ट्रांसफर हुए शासकीय सेवकों को नवीन पदस्थापना के लिए तत्काल रवानगी दें ,इसके साथ ही उनकी रवानगी और नए थाने में आमद की रिपोर्ट भी तुरंत एसपी कार्यालय भेजने के निर्देश थे । इस कड़े आदेश के बावजूद सुसनेर थाने में रवानगी की प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी है।




**प्रशासनिक तालमेल पर खड़े हो रहे बड़े सवाल**

वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के बाद भी सुसनेर थाने से इन कर्मचारियों को कार्यमुक्त न करने के पीछे कई कयास लगाए जा रहे हैं। क्या सुसनेर पुलिस स्थानीय स्तर पर मोहर्रम सहित अन्य के साथ स्टाफ की कमी का बहाना बना रही है, या फिर ट्रांसफर रुकवाने के लिए पर्दे के पीछे कोई जोड़-तोड़ चल रही है। नियमों के मुताबिक एसपी का आदेश सर्वोपरि होता है,लेकिन सुसनेर थाने की इस सुस्ती ने विभागीय अनुशासन और प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। नए थानों में इन अधिकारियों का इंतजार हो रहा है, जिससे वहां का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।अब सबकी निगाहें जिला पुलिस कप्तान पर टिकी हैं।

**जिम्मेदार का कहना**

मोहर्रम के पर्व के साथ अन्य डयूटी के चलते रिलिव नहीं किया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिलें में अन्य किसी भी थाने से पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को रिलिव नहीं किया गया है। सुसनेर थाने में जरूर सोयत से एक जवान रिलिव होकर आए है।

**अक्षय सिंह बेस**
**थाना प्रभारी सुसनेर**

डेलची बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# बाबा साहेब को माल्यार्पण कर जन-प्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण व श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

ग्राम पंचायत डेलची बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिनेश जैन बोस उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास, जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण सूर्यवंशी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुचरण सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ तालाब परिसर में श्रमदान किया तथा जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। विधायक दिनेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जल है तो कल है। बाबा साहेब के सपनों का विकसित और समृद्ध भारत बनाने के लिए हमें जल स्रोतों का संरक्षण करना होगा।

पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन दोनों आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि कैलाश ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंच-सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।




**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत के श्रीमति श्यामुबाई पति कैलाश वर्मा सरपंच, डॉ. श्रीमति मारीषा शिंदें प्रभारी उपायुक्त विकास एवं पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, श्रीमति सुषमा सिरोले सहायक यंत्री पीएचई, नायब तहसीलदार, श्रीमति पूनम चादना पर्यवेक्षक महिला बाल विकास, एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी, श्री अरूण चौधरी सहायक यंत्री, श्री कमल पाटीदार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, श्री सेवाराम अजमेरिया खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर श्री संदीप कुमार उपयंत्री, सुश्री संजना कास्दे उपयंत्री, श्री अक्षय मूणत उपयंत्री श्री प्रेमनारायण कोशल उपयंत्री एवं श्री जयराम कुमावत, सचिव, श्री सुभाष शर्मा ग्राम रोजगार सहायक एवं आस पास क्षैत्र के सरंपच सचिव ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान एवं लोक कल्याण मेले का भव्य समापन

**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा 30 जून 2026 को कन्या शाला स्कूल परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं लोक कल्याण मेले का भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नानी बाई माली एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव, स्कूल प्राचार्य अर्जुन दावरे रहे। कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभान्वित 87 पथ-विक्रेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर बन रहे हैं और डिजिटल लेनदेन को बढावा मिल रहा है। सभी हितग्राहियों एवं उपस्थित स्कूली बच्चों को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। जल है तो कल है की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। समापन अवसर पर अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय शासकीय स्कूल परिसर में सामूहिक पौधारोपण किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि अभियान अवधि में नगर में कुल 1100 से अधिक पौधों का रोपण, जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य कराया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, स्वनिधि हितग्राही, स्कूली बच्चे एवं निकाय के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

## चार ग्रहों ने हमारी प्रसन्नता छीन ली- श्रीजी

**महिदपुर।** आषाढ़ी गली स्थित खरतरगच्छ जैन आराधना भवन में आयोजित प्रवचन में पूज्य प्रभंजना श्रीजी महाराज साहब ने कहा कि मनुष्य चार प्रकार के ग्रहों में उलझकर अपनी प्रसन्नता खो देता है। एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में वास्तव में क्या आवश्यक है और क्या नहीं। उन्होंने कहा कि पहला ग्रह वस्तु का आग्रह है, जो अपेक्षाओं और मोह के कारण दुःख का कारण बनता है।

## पांच फीट से अधिक लंबे सांप का सिर पकड़ने में दक्ष मनीष ने किया रेस्क्यू

**महिदपुर रोड।** नगर में पंजाबी सिख समाज इलेक्ट्रॉनिक तथा किसान पाइप विक्रेता के यहां 5 फीट से अधिक लंबे सांप सर्प पकड़ने में विशेषज्ञ मनीष मसीह ने रेस्क्यू कर जंगल में सकुशल छोड़ दिया। सिख समाज के युवा जसप्रीत सिंह मक्कड़ ने बताया उनके प्रतिष्ठान/सह निवास पर बारिश की वजह से घर के बाहर बरामजे में रखें प्लास्टिक के पाइप के नीचे आकर बैठ गया सांप के आने की जानकारी मिलने पर जसप्रीत ने सर्प पकड़ने में विशेषज्ञ मनीष मसीह को मोबाइल पर सांप खाने की सूचना दी मनीष ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर 5 फीट से अधिक लंबे सर्प का रिस्क कर उसे जंगल में सब कुशल छोड़ा सर्प पकड़ने में विशेषज्ञ मनीष ने बताया बारिश होने की वजह से चूहे के बिलों में पानी भरने से तथा चूहो के बिल भरने की वजह से बंद होने से सुरक्षित स्थानों पर जाने का प्रयास करते हैं मनीष ने बारिश के दिनों में नगर वासियों से अधिक से अधिक सावधान रहने का आग्रह किया। मनीष जैसे ही नगर सहित आसपास के गांव में सांप के आने की सूचना मिलती है स्वयं की दो पहिया गाड़ी से संबंधित परिवार के यहां पहुंचकर सांप को पकड़ कर जंगल में जाकर सब कुशल छोड़ देते हैं।


# बदहाली सार्वजनिक शौचालय में न पानी न सफाई, लगा गंदगी का अंबार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ टोंक खुर्द

नगर परिषद टोंक खुर्द मे स्थापित तहसील कार्यालय के पास सार्वजनिक शौचालय है जहां पर एक माह से पानी की किल्लत हो रही है।एक तरफ सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकारी स्तर पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साथ ही जागरूकता रैली व शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। बावजूद टोंक खुर्द नगर में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है।

नगर के मोहल्लों में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है।इसका जीता जागता उदाहरण टोंक खुर्द नगर में तहसील के पास स्थित स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित सार्वजनिक शौचालय है जो की बदहाल स्थिति में है। यह शौचालय अपने मूल उद्देश्य को पूरा करने में विफल रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों व तहसील क्षेत्र अन्य ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस शौचालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण उपयोग के बाद सफाई संभव नहीं हो पाती। नियमित साफ-सफाई के अभाव में शौचालय के अंदर और बाहर गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

शौचालय के दरवाजे के ठीक बाहर मल-मूत्र और कचरा फैला हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। शौचालय के अंदर लगे वॉश बेसिन टूटे हुए हैं और दरवाजे भी खराब हो चुके हैं, जो इसकी जर्जर स्थिति को दशार्ते हैं। नगरवासियों व तहसील क्षेत्र के 110 गांव के ग्रामीणों का आना जाना बना रहता है तहसील का कार्यालय में एवं ग्रामीणों का एवं नगर वासियों का कहना है कि शौचालय की इस बदहाली के कारण इसका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। गंदगी और दुर्गंध के चलते यहां खड़ा होना भी दूभर है। परिणामस्वरूप,लोग खुले में शौच बाथरूम करने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता को खतरा बढ़ गया है। इन दिनों भीषण गर्मी में बाहरी लोगों को दस्त लगने की परेशानी का खतरा बना हुआ है।



**नगर परिषद लापरवाही का शिकार**

ट्यूबवेल में पानी नहीं है और मैं इस अव्यवस्था की समस्या को लेकर सार्वजनिक शौचालय के बाहर पानी का टैंकर खड़ा करवा दूंगा। लेकिन आज तक भी कोई किसी प्रकार से पानी का टैंकर खड़ा नहीं करवाया गया। यह पदस्थ जवाबदार अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की गंभीर लापरवाही का प्रमाण जनता के सामने है। शासन की जनसुनवाई टोंक खुर्द में स्थानीय पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा द्वारा जनहित में अव्यवस्था को लेकर एसडीएम रितु चौरसिया को जनहित की गंभीर समस्या अवगत करवाई गई।

**निकलना मुश्किल**

स्थानीय पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा ने बताया सुबह-शाम यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। इतनी बदबू आती है कि सांस लेना दूभर है। शौचालय बना तो था पर बस नाम का बना हुआ है। स्थानीय भाजपा युवा नेता रोहित गालोदिया ने कहा पानी न होने से इसका इस्तेमाल करना बेकार है। यह सुविधा हमारे किसी काम की नहीं रह गई है।

## बाबूलाल घटोदा का निधन



**तराना।** मालीपुरा निवासी विष्णु प्रसाद एवं अनोखीलाल घटोदा के पिता 88 वर्षीय बाबूलाल घटोदा का मंगलवार को निधन हो गया है। दोपहर 2:00 बजे निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई।जिसमें रहवासी,समाजजन,परिजन आदि ने शामिल होकर शांति वन में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जहांगीरपुर में अज्ञात कारणों से सल्फास खाने से एक व्यक्ति की मौत

**इंगोरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम जहांगीरपुर से मंगलवार को पुलिस ने गांव के समीप खेत से एक व्यक्ति के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बड़नगर भेजा है। बताया जाता है कि गांव के एक व्यक्ति ने कल रात अज्ञात कारणों से सल्फास खा ली है।थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि सूचना पर पुलिस ग्राम जहांगीरपुर पहुंची। मृत व्यक्ति की पहचान मेहरबानसिंह पिता हुकमसिंह राजपूत उम्र 42 वर्ष के रूप में हुई है। उसकी जेब से एक मोबाइल मिला है। मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## युवा वर्ग उच्च प्रशासनिक पदों पर नौकरी के लिये करें तैयारियां-बोस



**महिदपुर रोड।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन भवन का लोकार्पण विधायक दिनेश जैन बोस ने बुधवार को स्कूली बच्चों को नवीन विद्यालय भवन में प्रवेश के दौरान पुष्प वर्षा कर किया। इस दौरान अपने संबोधन में स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश जैन ने कहा चरित्र, संस्कार के साथ-साथ स्कूली बच्चों को उच्च पदों पर नौकरी करने के लिये भी कमर कसकर तैयारी करना चाहिये राजनीति में प्रवेश कर राजनीति में प्रवेश कर नई दिशा देने का दायित्व भी युवा वर्ग निभाने का आव्हान विधायक जैन ने किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ बी राठौर पत्रकार प्रकाश जैन गोपाल उपाध्याय आदि ने भी स्कूली बच्चों को संबोधित किया विधायक जैन ने अपनी और से स्कूल में लाइ ब्रेरी के लिये विधायक निधि से ?60 हजार तथा स्कूली बच्चों के शुद्ध पानी पीने के लिये आरओ लगवाने की घोषणा की प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारियों सहित विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर परमार आदि ने किया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका खुशबू गुर्जर ने किया तथा आभार समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश मंडोवरा ने माना।

## कसारी गांव तथा आसपास के गांवों के किसानों ने दोबारा की बुवाई

**महिदपुर रोड।** जिन किसानों ने वर्षा ऋतु के पहले पानी बरसने के तत्काल बाद अपने खेतों में सोयाबीन तथा अन्य उपजने वाली फसलों की बुवाई का कार्य कर दिया था उन्होंने मंगलवार और बुधवार को एक बार फिर से अपने खेतों में बीजों की बुवाई की गांव के किसान वीरेंद्र सिंह राम सिंह पदम लाल कनीराम तथा अन्य ने बताया बारिश के बाद उम्मीद थी कि फसल की बुवाई के बाद एक बार फिर से पानी बरसेगा लेकिन तेज धूप में किसानों के माथे पर सिलवटे पैदा कर दी इधर शनिवार रविवार को खेतों में बीजों की बुवाई के बाद तेज बारिश ने खेतों में बोये गये बीजो को खेतों में पानी भरने से गहरी मिट्टी में दबा दिया जिसके चलते बीज अंकुरित नहीं हो पाये सही उपज नहीं होने की आशंका से आशंकित किसानों ने मंगलवार तथा बुधवार को एक बार फिर अपने ट्रैक्टर खेतों में उतरकर की बीजों की बुवाई का कार्य किया।

## खरसौदकलां-गावडी देवसी प्रधान-मंत्री सड़क मार्ग मरम्मत को तरसा



**खरसौदकलां।** खरसौदकलां से गावडी देवसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का छ किलोमीटर लम्बा मार्ग पिछले सालों से जर्जर हालत में है। सड़क की मरम्मत नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांवड़ी देवसी निवासी कृष्णपाल सिंह राठौर ने बताया कि लगभग दो वर्ष पहले लोकसभा आम चुनाव के दौरान खराब सड़क की समस्या को लेकर गांव में चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। बहिष्कार संबंधित वीडियो सोसल मीडिया से सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध वापस ले लिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि दो साल बीत जाने के बावजूद सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका। पूरा मार्ग के हालत आश्वासन के बाद भी जस के तस है।बरसात के दिनों में मार्ग की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, मार्ग के बीच गांव पडूनिया खेता भी पड़ता है। गांव के लोगों को रोजमर्या के सामान के लिए रोज आना जाना लगा रहता है।जिससे किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण जन ने बताया कि जनप्रतिनिधि को भी मार्ग से संबंध में कई बार अवगत करा चुके हैं परंतु अभी तक मार्ग सुधार के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखाई गई।



अक्सर लोग दो-मुंहे बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में इससे राहत के लिए चावल और अलसी के बीज के टोनर का इस्तेमाल किया जा सकता है। आइए लेख में जानें।

# दोमुंहे बालों से बचाव के लिए होममेड टोनर

कई लोग बालों के रूखेपन और दो-मुंहे बालों की समस्या से परेशान रहते हैं, जो एक आम समस्या बन गई है। बार-बार हीट स्टाइलिंग, प्रदूषण, गलत हेयर केयर और पोषण की कमी के कारण बाल कमजोर और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में राइस वॉटर यानी चावल के पानी और अलसी से बने घरेलू हेयर टोनर का इस्तेमाल किया जा सकता है। राइस वॉटर में अमीनो एसिड, विटामिन बी, विटामिन ई और इनोसिटोल नामक तत्व पाया जाता है। यह बालों की बाहरी परत को मजबूत बनाने में मदद करता है और बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाता है। इससे बालों में उलझन और टूटने की समस्या भी कम हो सकती



## राइस वॉटर और अलसी का हेयर टोनर बनाने का तरीका

इस हेयर टोनर को बनाने के लिए एक पैन में 1 कप पानी और अलसी के बीज डालें। इसे 5-7 मिनट तक उबालें, जब तक हल्का जेल न बन जाए। इस मिक्सचर को छानकर ठंडा होने दें। अब इसमें चावल का पानी मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिलाकर स्प्रे बोतल में भर लें।

## हेयर टोनर को इस्तेमाल करने का सही तरीका

बाल धोने के बाद हल्के गीले बालों पर इस टोनर को स्प्रे करें। इसे स्कैल्प और बालों की लंबाई पर सही तरीके से लगाएं। इसके बाद बालों को नेचुरल रूप से सूखने दें। इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2-3 बार किया जा सकता है। दोमुंहे बालों से राहत के लिए समय-समय पर ट्रिमिंग जरूरी है। हालांकि यह घरेलू टोनर बालों को हाइड्रेट रखने, आगे होने वाले नुकसान को कम करने और बालों की बनावट में सुधार करने में मदद कर सकता है।

## अलसी के बीज कैसे करते हैं बालों की देखभाल?

अलसी के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। अलसी से बनने वाला जेल बालों को नेचुरल नमी देने में मदद करता है, जिससे रूखे और फ्रिजी बाल ज्यादा स्मूद दिखाई देते हैं। यह बालों को कोटिंग देकर उन्हें हेल्दी और शाइनी बनाने में मदद करता है।

## चावल के पानी को बालों में लगाने से क्या होता है?

बालों में चावल के पानी को लगाने से बालों को जड़ों से मजबूती देने, बालों को घना बनाने, शाइनी बनाने, बालों को कंडीशन करने, बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों को झड़ने से रोकने और नमी बनाए रखने में मदद मिलती है।

## हेल्दी बालों के लिए क्या करें?

बालों को हेल्दी और घना बनाए रखने के लिए बालों में केमिकल प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बचें, नियमित रूप से बालों को धोएं, स्कैल्प की मालिश करें, हीट स्टाइलिंग टूल्स के इस्तेमाल से बचें और हेल्दी और पोषक तत्वों से युक्त फूड्स खाएं।

# ज्यादा स्क्रब करने या केमिकल वाले फेस वॉश से खराब हो गई स्किन?

कई बार लोग चेहरे को साफ करने के चक्कर में ज्यादा स्क्रब कर देते हैं, जिसके कारण स्किन बैरियर के डैमेज होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसको ठीक करने के लिए कुछ उपायों को अपनाया जा सकता है।

आज के समय में ग्लोइंग स्किन के लिए लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग चेहरे को बार-बार साफ करते हैं, तो कुछ नियमित रूप से स्क्रब और एक्सफोलिएटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, जरूरत से ज्यादा एक्सफोलिएशन और हार्ड साबुनों का इस्तेमाल स्किन को फायदा देने के बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है। इससे त्वचा की नेचुरल प्रोटेक्टिव लेयर यानी स्किन बैरियर कमजोर हो सकती है, जिसके कारण स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।




ष्स्किन बैरियर त्वचा की सबसे बाहरी प्रोटेक्टिव लेयर होती है। यह त्वचा में नमी बनाए रखने के साथ-साथ धूल, प्रदूषण, बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक तत्वों से बचाव करने का काम करती है। जब यह लेयर डैमेज हो जाती है, तो त्वचा अपनी नेचुरल प्रोटेक्शन को खोने लगती है। जब स्किन बैरियर कमजोर हो जाता है, तो स्किन में रेडनेस, जलन, स्किन के ज्यादा ड्राई होने, सेंसिटिविटी बढ़ने, छोटे-छोटे दाने होने, खुजली होने या ब्रेकआउट होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इनमें त्वचा का अत्यधिक रूखा होना, लालिमा, जलन, संवेदनशीलता बढ़ना, खुजली और छोटे-छोटे दाने या ब्रेकआउट शामिल हो सकते हैं। कई बार लोग इन समस्याओं को दूर करने के लिए और ज्यादा प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने लगते हैं, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है। ष्कई बार ज्यादा कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से स्किन के नेचुरल ऑयल के खत्म होने और प्रोटेक्टिव लेयर के कमजोरी होने की समस्या होती है। ऐसे में स्किन बैरियर को रिपेयर करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

स्किन बैरियर को ठीक करने के लिए सबसे पहले उन हार्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना बंद करें, जो स्किन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ हफ्तों के लिए स्क्रब, एक्सफोलिएटिंग एसिड्स, अल्कोहल युक्त टोनर और स्ट्रॉग क्लेंजर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह एक जेंटल और बिना खुशबू वाला क्लेंजर चुनें, जो स्किन को साफ तो करे, लेकिन उसे और ज्यादा नुकसान न पहुंचाए। इसके अलावा, गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से चेहरा धोने से भी नमी को और ज्यादा कम होने से रोका जा सकता है।

# Sport

## एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

# वर्ल्डकप हारने वाली दो खिलाड़ी बाहर, हरमनप्रीत ही होंगी कप्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अगले महीने जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। सिलेक्टर्स ने हरमनप्रीत कौर को ही कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 हारने वाली टीम में दो बदलाव किए गए हैं। विकेटकीपर यास्तिका भाटिया की जगह जी. कमलिनी को टीम में शामिल किया गया है, जबकि प्रेमा राउत को बाहर कर दिया गया है। वहीं, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर चयनकताओं ने भरोसा बरकरार रखा है। खराब फॉर्म से जूझ रही विकेटकीपर यास्तिका भाटिया को टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। उनकी जगह हढछ में मुंबई इंडियंस से खेलने वाली 17 साल युवा विकेटकीपर जी. कमलिनी को मौका दिया गया है। यास्तिका वर्ल्ड कप के दौरान मिले मौकों का वे फायदा नहीं उठा सकीं। उन्होंने 4 मैचों की 3 पारियों में 13.66 की औसत और 117.14 के स्ट्राइक रेट से केवल 41 रन बनाए।

स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद टीम में जगह दी गई है। वे टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ टखने में चोट के कारण पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गई थीं। उनकी जगह वर्ल्ड कप टीम में शामिल प्रेमा रावत को इस बार मौका नहीं मिला। पेस अटैक की जिम्मेदारी रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी संभालेंगी, जबकि स्पिन विभाग में राधा यादव और श्रेयांका पाटिल मुख्य चेहरा होंगी।

## विंबलडन के पहले दिन चैंपियन सिनर हारने से बचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में टेनिस के सबसे पुराने टूनामेंट विंबलडन की शुरूआत हो गई है। पहले दिन सोमवार को डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ 1-2 से पिछड़ने के बाद लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला जीत गए।

चौथे सेट के दौरान सिनर के जूते से खून बाहर आने लगा था। मैच के बाद उन्होंने बताया कि उनके पैर के अंगूठे का नाखून उखड़ गया था, लेकिन वे दर्द के बावजूद खेलते रहे। एक समय ऐसा लग रहा था कि उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ेगा। लेकिन, इटैलियन स्टार ने हार नहीं मानी और जीत हासिल की।

महिला एकल में जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रांस की एल्सा जैकमोट को 6-1, 7-5 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

25वें ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश में जुटे सर्बिया के 39 साल के नोवाक जोकोविच ने चीन के वू यिबिंग को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। हालांकि, जीत के लिए उन्हें चार सेट तक खेलना पड़ा।

जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका से हारने के बाद पहली बार कोर्ट पर उतरे थे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'आज का मैच मेरे लिए वाकई चुनौतीपूर्ण था। मैं जीत से खुश हूं, लेकिन पूरी तरह तरोताजा महसूस नहीं कर रहा हूं। सच कहूं तो कोर्ट पर ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि यह टूनार्मेंट का पहला ही दौर है।

## न्यूजीलैंड ने 27 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बेन स्टोक्स अपने आखिरी इंटरनेशनल मैच को जीत के साथ यादगार बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 373 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी 212 रन पर सिमट गई। इसी के साथ कीवी टीम ने 27 साल बाद इंग्लैंड में कोई सीरीज जीती। टीम ने इससे पहले 1999 यह कारनामा किया था। यह न्यूजीलैंड की इंग्लैंड में 20 टेस्ट सीरीज में सिर्फ चौथी जीत है। खास बात यह रही कि

## जर्मनी फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर, पैराग्वे और मोरक्को पेनल्टी शूटआउट में जीते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फुटबॉल वर्ल्ड कप में मंगलवार को बड़ा उलटफेर हुआ। पैराग्वे ने चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर बाहर कर दिया। जर्मनी टूनार्मेंट के इतिहास में पहली बार पेनल्टी में हारी है।

इससे पहले 5 बार की चैंपियन ब्राजील ने रोमांचक मुकाबले में जापान को 2-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह जीत 1958 में स्वीडन में जीते उसके पहले वर्ल्ड कप की सालगिरह के दिन आई। टीम 20वीं बार राउंड ऑफ-16 में पहुंची है।

एक अन्य मुकाबले में मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया। ब्राजील अब राउंड ऑफ-16 में आइवरी कोस्ट या नॉर्वे से भिड़ेगा, जबकि पैराग्वे का मुकाबला फ्रांस और स्वीडन के विजेता से होगा। मोरक्को का मैच 4 जुलाई को कनाडा से होगा।

फॉक्सबोरो में फीफा रैंकिंग में 34वें नंबर की टीम पैराग्वे ने राउंड ऑफ 32 में 12वें नंबर की जर्मनी को कड़ी टक्कर दी। निर्धारित समय और इंजरी टाइम के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। पेनल्टी शूटआउट में जोस कैनाले ने पहला सडन डेथ पेनल्टी गोल किया, जबकि गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने दो अहम बचाव कर टीम को जीत दिलाई। इधर, ह्यूस्टन में ब्राजील की जीत आखिरी क्षणों में आई। दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे गैब्रियल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल कर मुकाबला खत्म होने से ठीक पहले टीम को जीत दिला दी। ब्राजील 20वीं बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची है।

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बरः-2557390

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

कार ड्रायवर चाहिये
इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में
आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।
अभी संपर्क करें
Jomoride
9179179929, 8602299929

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### प्रॉपर्टी कारोबारी ने दी जान, सुसाइड नोट में लिखा-मेरी मौत का कारण सिर्फ कर्ज

**इंदौर।** इंदौर के पास खुड़ैल क्षेत्र में रहने वाले एक प्रॉपर्टी कारोबारी ने कर्ज से परेशान होकर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। कारोबारी का शव मंगलवार शाम पिपलादा स्थित हनुमान मंदिर के पीछे कुएं के पास मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके से मिले सुसाइड नोट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। खुड़ैल पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बहादुर सिंह (45) पुत्र अतरसिंह परिहार निवासी ग्राम शिवनी के रूप में हुई है। बहादुर सिंह खुड़ैल क्षेत्र के बड़े प्रॉपर्टी कारोबारी थे। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं, जबकि अन्य परिजन अलग रहते हैं। पुलिस के मुताबिक बहादुर सिंह मंगलवार सुबह करीब 5 बजे घर से निकल गए थे। करीब 11.30 बजे उन्होंने कुछ दोस्तों को मैसेज किए, जिसमें उन्होंने कर्ज नहीं चुका पाने की बात लिखी और जीवन समाप्त करने की जानकारी दी। मैसेज मिलते ही दोस्तों ने उन्हें कॉल करना शुरू किया और तलाश में जुट गए। लेकिन शाम को उनका शव हनुमान मंदिर के पास मिला।

### नाबालिग छात्राओं को अश्लील वीडियो और मैसेज भेज रहा था युवक, इंस्टाग्राम पर हुई थी पहचान

**इंदौर।** सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग छात्राओं को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। तिलक नगर थाना पुलिस ने दो नाबालिग छात्राओं के परिजनों की शिकायत पर 25 वर्षीय युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। युवक ने इंस्टाग्राम पर दोनों छात्राओं से दोस्ती कर उन्हें अश्लील मैसेज और वीडियो भेजे, आपत्तिजनक चैटिंग की तथा मिलने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए लगातार दबाव बनाता रहा। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर अभिषेक निनामा के खिलाफ एफआईआर की है। पुलिस के मुताबिक शिकायत करने वाले व्यक्ति की बेटी 12 साल की है और पढ़ाई कर रही है। छात्रा की मां को अन्य छात्रा की मां ने कॉल किया और बताया कि उनकी बेटी के अकांउट पर किसी अभिषेक नाम के युवक ने अश्लील मैसेज किए और अश्लील वीडियो भी भेजे, वह बच्ची को संबध बनाने के लिए उकसा रहा है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मोबाइल से मैसेज और कॉल डिटेल डिलीट मिले

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपने बड़े भाई के साथ किराए के कमरे में रहता था। मंगलवार दोपहर वह अचानक काम से जल्दी लौट आया और घर में अकेला होने पर यह कदम उठा लिया। रात को मकान मालिक ने उसे फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आजाद नगर पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान धीरज (25) पुत्र अवतार नारेडा निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। परिजन उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धीरज मूल रूप से खातेगांव के पलासी गांव का रहने वाला था और इंदौर में अपने बड़े भाई लंकेश के साथ रहता था। वह मजदूरी का काम करता था। पुलिस जांच में सामने आया कि मंगलवार दोपहर धीरज जल्दी घर लौट आया था। उस समय उसका भाई लंकेश काम पर गया हुआ था। घर में अकेले रहने के दौरान उसने फांसी लगा ली। रात को जब मकान मालिक की नजर पड़ी तो घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी गई।

### हाई कोर्ट के आदेश पर धार का सरकारी इमामबाड़ा सील कर पीडब्ल्यूडी को सौंपा दोबारा कब्जा

**धार।** इंदौर हाई कोर्ट के आदेश के पालन में बुधवार दोपहर 12 बजे हटवाड़ा स्थित सरकारी इमामबाड़े को दोबारा सील कर पीडब्ल्यूडी को सौंप दिया गया। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ भास्कर मालवीय की मौजूदगी में ताजिया कमेटी के पदाधिकारियों ने इमामबाड़े की चाबी प्रशासन को सौंपी। पूरी कार्रवाई पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। इमामबाड़े को लेकर लंबे समय से मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इससे पहले मोहर्रम के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों के लिए इसे तय अवधि के लिए ताजिया कमेटी को सौंपा गया था। न्यायालय की ओर से तय समय पूरा होने के बाद प्रशासन ने दोबारा इमामबाड़े को सील कर दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। इमामबाड़ा परिसर और आसपास के इलाके में करीब 150 से 200 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

### जमानत के बाद भी पुलिस ने किया गिरफ्तार कोर्ट ने छोड़ा, कहा- जहां से उठाया वहीं छोड़ें

**झाबुआ।** जिले की खवासा चौकी क्षेत्र के करंजपाड़ा गांव के सरपंच पति अशोक झोड़िया मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी ऑफिस पहुंचे। उन्होंने शिकायती आवेदन में बताया सोमवार को खवासा चौकी वालों ने उन्हें उस केस में गिरफ्तार कर लिया, जिसमें सात महीने पहले हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। पुलिस खवासा चौकी से थांदला थाने ले गई और कोर्ट में पेश किया। बार-बार पुलिस को अग्रिम जमानत का आदेश दिखाता रहा, लेकिन उन्होंने नहीं सुनी। जब कोर्ट में पेश किया गया तो जज ने पुलिस को आदेश दिया कि जहां से उठाया है, वहीं ले जाकर छोड़ें। अब अशोक ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। अशोक ने आरोप लगाया, इस दौरान उन्हें हथकड़ी लगाई और अपशब्द कहे। बार-बार समझाने के बावजूद हाई कोर्ट के अग्रिम जमानत आदेश को नहीं माना। उनके खिलाफ 2025 में प्रकरण दर्ज हुआ था। अशोक ने दावा किया कि चौकी पर पुलिस वाले नशे में थे। उनसे रुपयों की मांग भी की गई।

### युवक की संदिग्ध मौत पर परिजन बोले- हत्या हुई, जमीन पर खून के धब्बे और शव को घसीटे जाने के निशान मिले

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के काकनवानी में रहने वाले रोहित पंचाल की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में परिजन ने इसे सुसाइड मानने से साफ इनकार करते हुए मर्डर का आरोप लगाया है। मंगलवार को पंचाल समाज के लोगों और मृतक के परिवार ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एडिशनल एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया को एक ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, रोहित बीती 24 जून की रात अपनी बुलेट मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था, जिसके बाद देर रात उसका शव नागनवाट नदी में मिला।परिजन का कहना है कि यह कोई हादसा या खुदकुशी नहीं है, बल्कि सोच-समझकर की गई हत्या है। अपने दावों को सच साबित करने के लिए परिजनों ने पुलिस को घटनास्थल के कुछ फोटो और वीडियो भी सौंपे, उनका कहना है कि मौके पर मोटरसाइकिल के टायरों के निशान, जमीन पर खून के धब्बे और शव को घसीटे जाने के साफ निशान मिले हैं।

### ग्राम पंचायत रामपुरिया के रोजगार सहायक पर भ्रष्टाचार का आरोप, निलंबित करने की मांग

**झाबुआ।** झाबुआ जिले की ग्राम पंचायत रामपुरिया के उपसरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर रोजगार सहायक के खिलाफ शिकायत की है। ग्रामीणों ने रोजगार सहायक सुनील गरवाल पर पंचायत में मनमानी करने और सरकारी कामकाज को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि रोजगार सहायक ने अमृत सरोवर तालाब निर्माण के नाम पर सरकारी राशि का गबन किया। यह तालाब पंचायत मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर स्थित है। आरोप है कि रोजगार सहायक ने वर्ष 2007-08 में बने पुराने तालाब की लोकेशन का उपयोग कर फर्जी मस्टर रोल भरे। इसमें उन लोगों के नाम पर मजदूरी का भुगतान उठाया गया, जो उस समय गांव में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों के अनुसार, मस्टर रोल में ऐसे व्यक्तियों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो उस दौरान बामनिया में अपनी दुकानों पर काम कर रहे थे। भ्रष्टाचार के आरोप केवल मनरेगा तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भी हितग्राहियों के शोषण की शिकायतें मिली हैं। पीड़ितों का कहना है कि आवास की किस्तें जारी करवाने के बदले रोजगार सहायक ने प्रत्येक हितग्राही से पांच-पांच हजार रुपये की अवैध वसूली की है। इसमें एक दिव्यांग व्यक्ति को भी नहीं बख्शा गया।

---

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पांडेय ने ट्रैक का निरीक्षण किया, जिसके बाद इसके जल्द संचालन की उम्मीद बढ़ गई

# बारिश में पर्यटकों को सौगात, हेरिटेज ट्रेन अगस्त में फिर शुरू होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महू के पातालपानी-कालाकुंड के बीच चलने वाली प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रैक स्पेशल ट्रेन अगस्त की शुरूआत में फिर से शुरू हो सकती है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) रामाश्रय पांडेय ने बुधवार को ट्रैक का निरीक्षण किया, जिसके बाद इसके जल्द संचालन की उम्मीद बढ़ गई है। ट्रैक पर उन्नयन और मरम्मत कार्यों के कारण संचालन को लेकर अनिश्चितता थी।

जीएम पांडेय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे हेरिटेज ट्रैक का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं, ट्रैक की स्थिति और चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान रतलाम मंडल के डीआरएम अश्वनी कुमार समेत कई वरिष्ठ रेलवे अधिकारी



उपस्थित थे। अधिकारियों ने उन्नयन कार्यों की समीक्षा की और शेष कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दल ने पातालपानी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में विकसित किए जा रहे हेरिटेज भवन, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली गई और यात्रियों को बेहतर तथा सुरक्षित सुविधाएं प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।

#### पर्यटकों को पहली पसंद

- पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रैक प्रदेश का एकमात्र ऐसा रेल मार्ग है, जो मानसून के दौरान पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह ट्रेन पहाड़ों, गहरी घाटियों, घने जंगलों, सुरंगों और झरनों के बीच से गुजरती है, जिससे यात्रियों को रोमांचक अनुभव मिलता है। हर साल बारिश के मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक इस ट्रैक का आनंद लेने महू आते हैं। हेरिटेज ट्रेन का संचालन स्थानीय पर्यटन और व्यापार दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।
- रेलवे अधिकारियों के निरीक्षण के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि यदि शेष निर्माण और सुरक्षा संबंधी कार्य समय पर पूरे हो जाते हैं, तो हेरिटेज ट्रैक स्पेशल ट्रेन का संचालन अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू हो सकता है। इससे पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और मानसून पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

---

स्कूलों, डेयरियों, मसाला और मिठाई प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर कार्रवाई की गई

## 64 सैंपल जांच के लिए भेजे, तीन मौके पर ही फेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोमवार को विद्यालयों, डेयरी प्रतिष्ठानों, मसाला निर्माण इकाइयों, नमकीन उद्योगों और मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 64 सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए, जबकि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब से मौके पर जांच किए गए 23 सैंपल में से 3 सैंपल अमानक पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत 29 जून को खंडवा रोड स्थित क्वीन्स कॉलेज के मेस का निरीक्षण किया गया, जहां दाल, राजमा, बेसन और आटे सहित चार सैंपल लिए गए। वहीं 30 जून को चोइथराम स्कूल की जांच में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा व्यवस्था



संतोषजनक पाई गई। यहां से राजमा, उड़द दाल, तुअर दाल, नमकीन चावल, आलू झोलदार और देसी चना मसाला सहित छह सैंपल जांच के लिए लिए गए। अधिकारियों ने कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का निरंतर पालन करने के निर्देश भी दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को प्राप्त शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई की गई। राऊ स्थित बाबा कुल्फी से काजू कतली, दूध कतली, मिल्क केक, पेड़ा और मलाई बर्फी के पांच सैंपल लिए गए। यादव डेयरी फार्म से दूध, पनीर, दही, चक्का और घी सहित छह सैंपल संग्रहित किए गए।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साम्प्रदायिक, सामाजिक और जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने संबंधी किसी भी प्रकार के मैसेज भेजने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 25 अगस्त 2026 तक लागू रहेगा।

इस आदेश के अनुसार, कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म या सोशल मीडिया साइट का दुरुपयोग कर साम्प्रदायिक, सामाजिक और जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के मैसेज का प्रसारण नहीं कर सकेंगे। आपत्तिजनक और उन्माद फैलाने वाले मैसेज, फोटो-वीडियो, ऑडियो आदि प्रसारित नहीं कर सकेंगे। आदेश में है कि इंदौर जिले की सीमा के अंदर किसी भी साइबर कैफे के मालिक या संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, वोटर आईडी, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, क्रेडिट कार्ड, पेन कार्ड या अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा। इसके साथ ही आने वालों की रजिस्ट्रर में एंट्री भी करना होगी।

---

इंदौर पुलिस नशे की लिंक तलाशने जाएगी प्रतापगढ़

## कैमरे के सामने चुप्पी साध लेता है नशे का सौदागर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नशे के सौदागर चेतन नाथ की लिंक तलाशने के लिए पुलिस प्रतापगढ़ जाएगी। दबिश के दौरान मौके से फरार हुए इसके साथी की भी तलाश में टीम लगी हुई है। हालांकि, नशे का यह सौदागर इतना शातिर है कि कैमरे के सामने कुछ नहीं बोलता है। पुलिस को भी जानकारी निकालने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाने पड़ रहे हैं।

दरअसल, सोमवार को द्वारकापुरी पुलिस ने चेतन नाथ को बैक ट्रेकिंग कर पकड़ा था। पुलिस ने पिछले दिनों लकी नाथ को पकड़ा था। जिससे मिली जानकारी के बाद पुलिस चेतन नाथ तक पहुंची थी। चेतन के कमरे की तलाशी में पुलिस को 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा मिला था। चेतन 2 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर है। पुलिस को ये जानकारी मिली थी यह अपना कारोबार चलाने के दौरान सप्लायर और सप्लाई करने वालों से सोशल मीडिया के माध्यम से वाइस कॉल पर बात करता था। पुलिस को उसके मोबाइल से कॉन्टैक्ट नंबर भी नहीं मिले हैं। इधर, पुलिस को टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया से मिली जानकारी के आधार पर प्रतापगढ़ की लिंक निकाल रही है। द्वारकापुरी टीआई मनीष मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में ये जानकारी सामने आई है कि वह नशे का सामान प्रतापगढ़ से लेकर आता था। इसकी प्रतापगढ़ की लिंक निकाली जा रही है, जल्द ही एक टीम प्रतापगढ़ भी जाएगी। बताया जा रहा है कि टीम वहां के सप्लायर को भी ट्रेस करेगी।

## नाबालिग लड़की के अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सागौर पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पीड़िता को आरोपी के चंगुल से छुड़ा लिया और उसे उसके परिवार को सौंप दिया है। मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई के बारे में बताया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 20 जून 2026 को एक पिता ने थाने में अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी थी। 29 जून को पुलिस टीम को एक पक्का सुराग मिला, जिसके बाद उन्होंने मोतीनगर (सागौर) इलाके में घेराबंदी कर दबिश दी।

## चौथी ब्रोंकोपल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस का आयोजन

### टीबी से लेकर अस्थमा व फेफड़ों की बीमारियों के एडवांस इलाज पर फोकस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बदलती जीवनशैली, बढ़ते वायु प्रदूषण, धूम्रपान, संक्रमण और टीबी जैसी बीमारियों के बढ़ते प्रभाव के बीच फेफड़ों के स्वास्थ्य को लेकर देश और दुनिया के विशेषज्ञ इंदौर में एक मंच पर जुटने जा रहे हैं। शहर में 3 से 5 जुलाई तक चौथी ब्रोंकोपल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत सहित कई देशों के पल्मोनोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, थोरैसिक सर्जन, मेडिकल रिसर्चर और युवा चिकित्सक भाग लेंगे।

तीन दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा, जबकि इसकी शुरूआत 3 जुलाई को विशेष प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप्स के साथ होगी।

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. डॉ. रवि डोसी ने बताया कि फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गई हैं। प्रदूषण, धूम्रपान और बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में भी श्वसन संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य दुनियाभर के विशेषज्ञों के अनुभव और वैज्ञानिक शोध को साझा कर चिकित्सकों को नवीनतम तकनीकों और उपचार पद्धतियों से जोड़ना है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस वर्ष कॉन्फ्रेंस की सबसे बड़ी विशेषता 11 प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप्स रहेंगी। इनमें इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी की पांच उन्नत कार्यशालाओं के अलावा पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट, सीवियर अस्थमा, टीबी प्रबंधन, पल्मोनरी रिसर्च और रिहैबिलिटेशन जैसे विषय शामिल होंगे। इन कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को आधुनिक उपकरणों के उपयोग, जटिल प्रक्रियाओं और क्लिनिकल मैनेजमेंट का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

#### फेफड़ों की गंभीर बीमारियों पर होगा गहन मंथन

कांग्रेस के दौरान अस्थमा, टीबी, पल्मोनरी फाइब्रोसिस, स्लीप मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी, पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन और आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव और नवीनतम शोध साझा करेंगे। इसका उद्देश्य चिकित्सकों को वैश्विक स्तर पर विकसित हो रही नई उपचार पद्धतियों से अवगत कराना है, ताकि मरीजों को अधिक प्रभावी और आधुनिक चिकित्सा सुविधा मिल सके।

---

## इंदौर में स्थापित होगी सबसे बड़ी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के वार्ड क्रमांक-85 में स्थापित की जा रही देश की सबसे बड़ी स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। प्रतिमा के लिए बनाए जा रहे पेडेस्टल (आधार) का काम अंतिम चरण में पहुंच रहा है। बुधवार को महापौर



पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से चर्चा कर निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में और बिना किसी बाधा के पूरे किए जाएं, ताकि अगले महीने प्रतिमा के भव्य अनावरण की तारीख तय की जा सके। निर्माण एजेंसी ने समय पर और गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने का भरोसा दिया।




फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से नामांतरण कराया

## कीमती जमीन हड़पने के लिए वृद्धा को कागजों में मृत घोषित करा दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हनी ट्रैप-2 कांड में लेडी शराब तस्कर अलका दीक्षित के साथ जेल में बंद आरोपी लाखन चौधरी का एक और बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। लाखन और उसके परिवार के 13 लोगों ने मिलकर अपनी ही एक बुजुर्ग अनपढ़ महिला रिश्तेदार को राजस्व रिकॉर्ड (सरकारी कागजों) में मृत घोषित कर दिया और उनकी करीब 100 करोड़ रुपए मूल्य की बेशकीमती जमीन हड़पकर उसका सौदा भी कर दिया। राजेंद्र नगर पुलिस ने इस महाफर्जीवाड़े में लाखन सहित कुल 14 लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित वृद्धा द्रौपदी बाई चौधरी की रिपोर्ट पर लाखन, कैलाश, शंकर, जगदीश, प्रकाश, विष्णु, शांतिलाल, राजन, सदन, पवित्रा, पार्वती, मनोज, और रामू नागदा वाला सहित अन्य पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोपियों ने पहले तो अनपढ़ वृद्धा को साथ रखने का नाटक किया, फिर उनका मकान अपने नाम लिखवा लिया। इसके बाद सर्वे नंबर 567 की 5.647 हेक्टेयर (करीब 14 एकड़) जमीन हथियाने के लिए साजिश रची। घर से निकाले जाने के बाद द्रौपदी बाई की बेटी सुनीता उन्हें खुड़ैल स्थित अपने घर ले गई। जब सुनीता ने मां की जमीन के रिकॉर्ड निकलवाए, तो पैरों तले जमीन खिसक गई। मां को कागजों में मरा हुआ दिखाकर जमीन बेची जा चुकी थी।










स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com